सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 17.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 91 गुरुग्राम (हरियाणा), सोमवार 2 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए पृष्ठ : 08

हरियाणा ने 60 वर्षों में प्रगति का लंबा सफर तय किया, अब देश का पहला विकसित राज्य बनाने का संकल्प : मुख्यमंत्री

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कुरुक्षेत्र में हरियाणा दिवस पर आयोजित हीरक जयंती समारोह में की शिरकत

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ने अपने गठन के 60 वर्षों में प्रगति का लंबा सफर तय किया है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने हरियाणा को देश का पहला विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है, इसी ध्येय के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति का गीता की पावन धरती पर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि उनका इस ऐतिहासिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रदेशवासियों के लिए गर्व और गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति की जीवन यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि ओडिशा के मयूरभंज जिले के छोटे से गांव उपरबेड़ा से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने का उनका सफर भारतीय लोकतंत्र की शक्ति और संविधान की गरिमा का प्रतीक है। उनकी यह प्रेरणादायी यात्रा देश की प्रत्येक बेटी, गरीब परिवार और आदिवासी समाज के लिए उम्मीद, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा है।



किसानों, जवानों, खिलाड़ियों और मातृशक्ति के परिश्रम से बनी हरियाणा की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 नवंबर, 1966 को हरियाणा का गठन हुआ था। उस समय प्रदेश को पिछड़े क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज हरियाणा देश के अग्रणी और तेजी से विकास करने वाले राज्यों में शामिल है। यह उपलब्धि प्रदेश के किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों, व्यापारियों, खिलाड़ियों और माताओं-बहनों के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान मेहनती किसान, बहादुर जवान, धाकड़ खिलाड़ी और सशक्त नारी से है।

प्रदेश की बेटियां आज खेतों से लेकर खेल के मैदानों तक, सेना से लेकर स्टार्टअप तक प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और प्रदेश का गौरव बढ़ा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के किसानों ने देश के अन्न भंडार भरने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं, पशुपालकों ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर 'देशां में देश हरियाणा, जित दूध-दही का खाणा' की कहावत को सार्थक किया है। प्रदेश के जवानों ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए हमेशा अदम्य साहस और बलिदान का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में भी हरियाणा ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। राष्ट्रमंडल खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने 11 पदक और एशियाई खेलों में 32 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। जब भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा ऊंचा लहराता है, उसमें हरियाणा की मिट्टी की मेहनत और प्रतिभा की महक होती है।

गीता की धरती कुरुक्षेत्र से मिलता है कर्तव्य और लोक कल्याण का संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। इसी पावन भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता के माध्यम से कर्तव्य, साहस और लोक कल्याण का दिव्य संदेश दिया था। उन्होंने राष्ट्रपति की वर्ष 2022 में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर कुरुक्षेत्र यात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि उस समय राष्ट्रपति ने गीता को मानवता के लिए आध्यात्मिक प्रकाश और जीवन को दिशा देने वाला महान ग्रंथ बताया था। आज उनकी पुन: उपस्थिति इस पावन भूमि के लिए विशेष गौरव का अवसर है।

हरियाणा अपने पूरे सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल नेटवर्क को डिजिटल मैप पर लाएगा

एक क्लिक पर मिलेंगी अस्पतालों की जानकारी

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार अपने सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के नेटवर्क को एक सिंगल डिजिटल मैप पर लाने की तैयारी कर रही है। इससे नागरिक एक क्लिक के माध्यम से अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, साथ ही नीति निर्माताओं को पूरे राज्य में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और सेवाओं की कमियों का स्पष्ट चित्र मिल सकेगा। जियोग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) मैपिंग के जरिए विकसित इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य, आयुष और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभागों के स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़ी जानकारी को एक एकीकृत मंच पर लाना है, ताकि बिखरे हुए विभागीय रिकॉर्ड्स की जगह एक अधिक सुलभ और समन्वित सूचना प्रणाली स्थापित की जा सके। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने रविवार को यहां एक बैठक में इस कार्य की प्रगति की समीक्षा की, जहां हरियाणा भर की स्वास्थ्य सुविधाओं के जीआईएस मैपिंग डेटा को प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि इस मैपिंग प्रक्रिया से डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से किसी भी स्वास्थ्य सुविधा की भौगोलिक स्थिति, बुनियादी संस्थागत जानकारी और तस्वीरें प्राप्त करना संभव हो जाएगा, जिससे राज्य के स्वास्थ्य नेटवर्क से जुड़ी जरूरी जानकारियां एक ही जगह पर मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के डेटा को एक ही मंच पर समेकित करने और जहाँ भी संभव हो, जानकारी जनता तक उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कदम का उद्देश्य पारदर्शिता और सुगमता में सुधार करना है, साथ ही सरकारी विभागों को स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के बारे में अधिक सूचित और सटीक निर्णय लेने में सक्षम बनाना है।



उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए, एक सार्वजनिक रूप से सुलभ प्रणाली सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों का पता लगाने और अपने क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बुनियादी जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान बना सकती है।

विकसित हरियाणा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है : राज्यपाल

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने हरियाणा के गठन के 60 वर्ष पूरे होने पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छह दशकों की यह यात्रा केवल एक नए राज्य के निर्माण और विकास की कहानी नहीं है, बल्कि संघर्ष, श्रम, आत्मसम्मान, कर्तव्यनिष्ठा और सामूहिक संकल्प की ऐसी गाथा है, जिसने प्रदेश को राष्ट्रीय पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। हरियाणा की असली ताकत यहां की मिट्टी से जुड़े वे जीवन मूल्य हैं, जो किसान के परिश्रम, सैनिक के साहस और खिलाड़ी के अनुशासन में दिखाई देते हैं। राज्यपाल रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं तथा समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की। कुरुक्षेत्र की धरती का संदेश आज भी प्रासंगिक प्रो. असीम कुमार घोष ने हरियाणा की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी पावन भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश दिया था। गीता में निहित निष्काम कर्म, कर्तव्य और धर्म का संदेश आज भी मानव जीवन को दिशा देने की क्षमता रखता है। हरियाणा के सामाजिक चरित्र में भी इसी कर्मप्रधान दर्शन की झलक दिखाई देती है। यहां का किसान बिना थके खेतों में परिश्रम करता है, सैनिक निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करता है और खिलाड़ी अपने अनुशासन एवं समर्पण से देश का गौरव बढ़ाता है। ये सभी हरियाणा की उस जीवंत परंपरा के प्रतीक हैं, जिसमें कर्म को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने कृषि प्रधान राज्य के रूप में भारत की हरित क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज यह राज्य कृषि, उद्योग, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और खेल के क्षेत्र में अग्रणी है। गुरुग्राम की गगनचुंबी इमारतों से लेकर गांवों के अखाड़ों तक, हरियाणा ने यह साबित किया है कि परंपरा और आधुनिकता साथ-साथ चल सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि जब भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो हरियाणा को भी निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। वर्ष 1966 की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में वर्ष 2025-26 में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय लगभग 3,95,618 रुपये होने का अनुमान है, जो राज्य की शानदार समावेशी प्रगति को दर्शाता है।



विश्वविद्यालयों को ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण का भी केंद्र बनना होगा राज्यपाल ने युवाओं और शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर विशेष बल देते हुए कहा कि युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पूरी लगन के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रयास करें, नवाचार को अपनाएं और ईमानदारी से समाज की सेवा करें। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों की विशेष जिम्मेदारी है।

उन्हें न केवल कुशल पेशेवर तैयार करने चाहिए, बल्कि हमारी संस्कृति और मूल्यों से जुड़े जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण भी करना चाहिए। विकसित हरियाणा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि विकसित हरियाणा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिस प्रकार मानव शरीर के प्रत्येक अंग का स्वस्थ और सशक्त होना पूरे शरीर के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार देश के प्रत्येक राज्य का विकसित होना संपूर्ण भारत की प्रगति के लिए जरूरी है। हरियाणा सहित देश के सभी राज्यों का समग्र विकास ही विकसित भारत की आधारशिला बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक, भौतिक, सैन्य अथवा सामाजिक रूप से शक्तिशाली राष्ट्र बनना नहीं है।

अम्बाला की धरती इतनी पवित्र की 1857 में आजादी की पहली लड़ाई का बिगुल यहीं से बजा, हमें इसका गर्व होना चाहिए : ऊर्जा मंत्री अनिल विज

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मैनें मुलाकात कर उनको शहीद स्मारक बारे बताया और दिखाया, उन्होंने स्मारक की बहुत सराहना की : मंत्री अनिल विज

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला की धरती इतनी पवित्र धरती है कि आजादी की पहली लड़ाई 10 मई 1857 को मेरठ से भी 9 घंटे पहले अम्बाला में 5वीं और 60वीं नेटिव इंफेंट्री के सैनिकों ने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी लेने के लिए बिगुल बजा दिया। उन्होंने कहा आजादी की पहली लड़ाई देश में सबसे पहले अम्बाला से प्रारंभ हुई और इसका सभी को गर्व होना चाहिए। श्री विज आज बीपीएस प्लेनेटोरियम, अंबाला छावनी में आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं/ लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को शहीद स्मारक पर बने पांच मिनट की लघु फिल्म भी स्क्रीन पर दिखाई गई। उन्होंने कहा 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शहीद स्मारक के उद्घाटन के लिए शायद हैलीकॉप्टर से स्मारक में आ सकते हैं क्योंकि यहां हैलीपैड का भी निर्माण किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह 5 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में गांधी ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल हों। उन्होंने बताया वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से कल मिलकर आए और दिखाकर आए कि हमने यहां क्या बनाया जिसपर अमित शाह जी ने शहीद स्मारक की बहुत सराहना की है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 1857 में आजादी की लड़ाई को समर्पित यह राष्ट्रीय स्मारक है और सारे देश में ऐसा स्मारक नहीं है जिसमें नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। स्मारक बनाने के लिए देश के प्रसिद्ध इतिहासकारों की कमेटी भी बनाई गई थी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी अब पर्यटन का हब बनने जा रहा है, शहर वहीं तरक्की करता है जहां बाहर से लोग आते हैं। अब लोग देखने के लिए यहां आएंगे जिससे विभिन्न प्रकार के व्यवसायों की आय में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि अम्बाला में चंडीगढ़ की तर्ज पर टूरिस्ट बस चलाई जाए जो पहले शहीद स्मारक, फिर साइंस सेंटर दिखाए, फिर बैंक स्क्वेयर, फिर सुभाष पार्क दिखा और फिर सदर बाजार में शापिंग के लिए टूरिस्ट जाएं।



कर्नाटक की राज्यपाल डॉ. सुधा यादव का ससुराल गाँव धामलावास में हुआ भव्य स्वागत, कारगिल शहीद पति को दी श्रद्धांजलि

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। कर्नाटक की नवनियुक्त राज्यपाल डा. सुधा यादव रविवार को राज्यपाल बनने के बाद पहली बार अपने ससुराल गांव धामलावास (रेवाड़ी) पहुंचीं. गांव आगमन पर क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं के साथ अत्यंत भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया. इस अवसर पर राज्यपाल डॉ. सुधा यादव ने विशेष रूप से हरियाणा दिवस और कर्नाटक राज्योत्सव (स्थापना दिवस) की सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि यह एक सुखद और अद्भुत संयोग है कि आज ही के दिन उनके गृह राज्य हरियाणा और कर्म राज्य कर्नाटक दोनों का स्थापना दिवस है. उन्होंने दोनों प्रांतों की निरंतर प्रगति और नागरिकों की खुशहाली की कामना की. इस भावुक क्षण में राज्यपाल ने अपने पति एवं प्रथम कारगिल शहीद डिप्टी कमांडेंट सुखबीर सिंह यादव के समाधि स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. उन्होंने ग्रामीणों के स्नेह और सहयोग को अपनी असली ताकत बताया. जिला प्रशासन की ओर से राज्यपाल के आगमन पर उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया गया।



ऐतिहासिक घटनाक्रम को किया याद

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने 26 मई 1999 के उस घटनाक्रम को याद किया, जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी थी. उन्होंने कहा, "परिस्थितियां चाहे जैसी भी रही हों, लेकिन क्षेत्र के लोगों ने हमेशा मेरा भरपूर साथ दिया है. एक अध्यापिका से लेकर राज्यपाल के इस सफर में सभी का सहयोग, आशीर्वाद और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी रही है।"कर्नाटक आने का दिया निमंत्रण

डॉ. सुधा यादव ने देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कर्नाटक के राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पूरी निष्ठा, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ पालन करेंगी. उन्होंने हरियाणा और विशेषकर क्षेत्रवासियों को कर्नाटक आने का आमंत्रण भी दिया, ताकि लोग वहां की समृद्ध शिक्षा व्यवस्था, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत से रूबरू हो सकें।

सनरूफ खोलकर सड़क पर हुड़दंग मचाने पर तीन युवक गिरफ्तार, क्रेटा कार जब्त

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-5 थाना पुलिस ने कार की सनरूफ खोलकर तेज आवाज में म्यूजिक बजाने और सड़क पर हुड़दंगबाजी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक परिवार के साथ भी अभद्र व्यवहार किया था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल सफेद रंग की क्रेटा कार भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-5 में शिकायत दी थी कि उसके घर के बाहर गली में कुछ युवक सफेद रंग की क्रेटा कार की सनरूफ खोलकर तेज आवाज में गाने बजा रहे थे और हाथ हिलाकर हुड़दंग मचा रहे थे। विरोध करने पर युवकों ने उसके परिवार के साथ बदतमीजी की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना सेक्टर-5 की टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 नवंबर को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान प्रवीन कुमार (18) निवासी 12 बिस्वा, गुडग़ांव गांव, यश (19) निवासी राजीव नगर, सेक्टर-12 और दिव्यांश (22) निवासी 12 बिस्वा, गुडग़ांव गांव के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने दोस्तों के साथ कार की सनरूफ खोलकर तेज आवाज में म्यूजिक बजाने, हाथ लहराकर हुड़दंगबाजी करने और राहगीरों के साथ अभद्र व्यवहार करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल क्रेटा कार बरामद कर ली है। मामले में आगे की जांच जारी है। गुरुग्राम पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंगबाजी, तेज आवाज में संगीत बजाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।



द्वारका एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से लोडिंग ऑटो चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने साथी ऑटो चालक चंद्रेश्वर महतो की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के समस्तीपुर निवासी चंद्रेश्वर महतो ने बताया कि 31 अक्टूबर को वह अपने लोडिंग ऑटो में सदर बाजार से सामान लेकर सेक्टर-85 जा रहा था। साथ ही उसके गांव का 29 वर्षीय विकास कुमार भी अपने ऑटो में सामान लेकर सेक्टर-86 के लिए निकला था। दोनों द्वारका एक्सप्रेसवे से गुजर रहे थे। शाम करीब पांच बजे विकास का ऑटो आगे चल रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक तेज रफ्तार से फरार हो गया। चंद्रेश्वर के अनुसार, विकास सड़क किनारे डिवाइडर के पास गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। वह उसे तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में जांच अधिकारी एएसआई दलविंदर सिंह ने कहा कि पुलिस ने चंद्रेश्वर महतो की शिकायत पर थाना सेक्टर-10ए गुरुग्राम में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106 के तहत केस दर्ज कर लिया और पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

अवैध हथियार सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार, एक पिस्टल बरामद

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विवेक गोस्वामी (22) निवासी गोरा नगर कॉलोनी, वृंदावन, जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-37 स्थित सुप्रोन पार्क के नजदीक से शुमभम उर्फ शूटर (19) निवासी गौशाला कॉलोनी, मथुरा, हाल निवासी अंजना कॉलोनी, सेक्टर-37 गुरुग्राम को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना सेक्टर-10 में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ में शुमभम ने खुलासा किया था कि वह बरामद पिस्टल मथुरा से 6 हजार रुपये में खरीदकर लाया था। इसके बाद पुलिस ने हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 31 अक्टूबर को गुरुग्राम से विवेक गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, शुमभम के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में उसके खिलाफ गुरुग्राम में आर्म्स एक्ट के तहत एक अन्य मामला भी दर्ज मिला है। पुलिस अब विवेक से पूछताछ कर हथियारों की सप्लाई से जुड़े अन्य संभावित लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

पेटीएम वेरिफिकेशन के नाम पर दो लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पेटीएम वेरिफिकेशन के नाम पर दो लाख रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक, 19 सितंबर 2026 को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस में शिकायत दी थी कि एक युवक उसके पास आया और खुद को पेटीएम कंपनी से जुड़ा कर्मचारी बताते हुए पेमेंट संबंधी कार्य करने की बात कही। इसी दौरान उसने शिकायतकर्ता के मोबाइल फोन के माध्यम से दो लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए और धोखाधड़ी करके फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू की। जांच के दौरान साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान राहुल कुमार निवासी गांव डुमरा, जिला सहरसा (बिहार), हाल निवासी कापसहेड़ा, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी में इस्तेमाल किया गया मोबाइल नंबर राहुल कुमार के नाम पर पंजीकृत था। आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। ठगी की कुल दो लाख रुपये की रकम में से राहुल को 45 हजार रुपये मिले थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी और उसके साथियों ने अब तक करीब तीन लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों की पहचान और उनकी भूमिका का पता लगाने में जुटी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

हेरोइन सहित युवक धरा, दिल्ली से 12 हजार में खरीदकर लाया था आरोपी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल सिकंदरपुर की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10.45 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सौरभ (29) निवासी शीतला कॉलोनी, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर 2026 को टीम ने शीतला माता रोड स्थित सेक्टर-14 की किसान मंडी के नजदीक आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-14 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह स्मैक दिल्ली से 12 हजार रुपये में खरीदकर लाया था। उसकी योजना गुरुग्राम में इसे छोटी-छोटी मात्रा में बेचने की थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशे की सप्लाई के स्रोत और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है।

कार ने कंपनी जा रही युवती को कुचला, गंभीर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। उद्योग विहार फेज-1 में कंपनी जा रही एक युवती को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवती सड़क पर गिर गई और कार का पहिया उसके दाहिने पैर के ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना उद्योग विहार पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार निवासी रितु ने बताया कि वह गुरुग्राम के सेक्टर-22 स्थित पीजी में रहती है और कंपनी में काम करती है। 30 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 9 बजे वह पैदल अपनी कंपनी जा रही थी। जब वह उद्योग विहार फेज-1 में रिचा कंपनी के पास पहुंची तो पीछे से आ रही वैगनआर कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गई और कार का पहिया उसके दाहिने पैर के ऊपर से गुजर गया। हादसे में उसके पैर में काफी चोटें आईं। कार चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे के बाद रितु को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गेस्ट टीचर्स ने प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में किया मंडल स्तरीय कन्वेंशन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के सेक्टर-95 स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पूरी कमिश्नरी पलवल, झज्जर, फरीदाबाद, रेवाड़ी, नारनौल व नूंह आदि से गेस्ट टीचर्स ने कन्वेंशन का आयोजन किया।

महिला विंग की राज्य प्रधान मुकेश रानी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट आदेशों के खिलाफ स्पीकिंग ऑर्डर दिए हैं। पॉलिसी को अवैध बताकर प्रदेश सरकार ने गेस्ट टीचर्स के साथ कुठाराघात किया है। यह कन्वेंशन हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रभु सिंह की अध्यक्षता में हुआ। महिला विंग की महिला विंग राज्य प्रधान मुकेश रानी, गुरुग्राम जिला की महिला विंग की प्रधान मीना कुमारी, सतपाल शर्मा, खुशवंत, विपिन यादव, ऋतु कटारिया, मीनू, संगीता, संतोष सैनी, नूंह के प्रधान नाजिर खान, पलवल के प्रधान डा. उदयराम शास्त्री, महेंद्रगढ़ के प्रधान आशीष यादव, रेवाड़ी से ममता, फरीदाबाद से धर्मबीर समेत सभी जिला के गेस्ट टीचर्स उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। अतुल कटारिया चौक के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि उसका भाई जितेंद्र सिंह (34) गुरुग्राम के राजीव नगर चौक के पास किराये पर रहता था। वह सेक्टर-39 स्थित साइबर पार्क में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। 30 अक्टूबर की रात उसका भाई ड्यूटी खत्म करने के बाद स्कूटी से घर लौट रहा था। जब वह अतुल कटारिया चौक के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सेक्टर-14 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी, जिसके बाद परिवार के सदस्य गुरुग्राम पहुंचे। राजेंद्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।

थार की टक्कर से रिटायर्ड आर्मी अधिकारी के बेटे की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे पर दौलताबाद चौक के नजदीक थार और स्कूटी की टक्कर में 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तुषार जोशी निवासी सेक्टर-102 स्थित बीपीटीपी अम्स्टोरिया, गुरुग्राम के रूप में हुई है। जो रिटायर्ड आर्मी अधिकारी के बेटा था और एक निजी कंपनी में एनालिस्ट के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में केशव दत्त जोशी ने बताया कि वह भारतीय सेना की 17 कुमाऊं रेजिमेंट में नॉन कमीशंड ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनका बेटा तुषार जोशी एक कंपनी में एनालिस्ट के पद पर काम करता था। 31 अक्टूबर 2026 को तुषार अपनी स्कूटी से द्वारका में दोस्तों से मिलने जा रहा था। जब वह द्वारका एक्सप्रेसवे पर दौलताबाद चौक के नजदीक पहुंचा तो दिल्ली नंबर की थार गाड़ी के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में तुषार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर को सेक्टर-10 सरकारी अस्पताल से अज्ञात व्यक्ति के सडक़ हादसे में मृत अवस्था में लाए जाने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान स्कूटी के मालिक की पहचान केशव दत्त जोशी के रूप में हुई। पुलिस ने केशव दत्त जोशी को अस्पताल बुलाकर हादसे की जानकारी दी। मामले में राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस ने थार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

बिना सीएलयू हाईवे किनारे बनाए गए ढाबे पर हाईकोर्ट के स्टे ऑर्डर के बावजूद चल रहा निर्माण

याचिकाकर्ता चंद्रपाल ने उठाई ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में बने निर्माण पर कार्रवाई की मांग

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर सिधरावली के नजदीक बने मन्नत ढाबा ग्रीन बेल्ट में चल रहा है। साथ ही यह ढाबा बिना सीएलयू (चेंज ऑफ लेंड यूज) चलाया जा रहा है। यह आरोप भोड़ाखुर्द निवासी चंद्रपाल ने लगाए।

उन्होंने मीडिया के समक्ष कहा कि मन्नत ढाबा के आसपास उनके परिवार की करीब 830 कनाल 15 मरला जमीन है, जिसमें से करीब दो एकड़ में यह ढाबा बनाया हुआ है। इस ढाबे को ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने ढाबे समेत पूरी जमीन पर स्टे ऑर्डर जारी किए हुए हैं, लेकिन कोर्ट की अवमानना को लेकर जिला प्रशासन भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। चंद्रपाल ने बताया कि इस संबंध में दो दिन पहले वे सीएम के जनता दरबार में भी शिकायत दे चुके हैं, जहां सीएम नायब सिंह सैनी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। चंद्रपाल के अनुसार, हाई कोर्ट के 18 जनवरी 2024 को अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखे जाने के आदेश के बावजूद ढाबे में निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे जिला उपायुक्त गुरुग्राम, एसडीएम व डीटीपीई अमित मधोलिया को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन इसे सिविल का मैटर कहकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि खुलकर कोर्ट के आदेशों की अवमानना के बावजूद ढाबा संचालकों के पक्ष में रिपोर्ट दे दी जाती है। चंद्रपाल ने बताया कि करीब एक साल पहले 8 नवंबर 2025 को डीटीपीई अमित मधोलिया ने हाईवे के किनारे ढाबों के खिलाफ चार सप्ताह में कार्रवाई की बात कही थी। लेकिन प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस व प्रशासन भी आंखें मूंदे हुए है। चंद्रपाल का कहना है कि उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को कई बार शिकायतें दी हैं, लेकिन पुलिस ने जांच में शिकायतकर्ता को ही गलत ठहराया है। जबकि इसकी निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

अधिवक्ता परिषद गुरुग्राम ने किया मोबाइल न्याय परामर्श केंद्र का शुभारंभ

संकल्प नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक।

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। अधिवक्ता परिषद गुरुग्राम इकाई के अधिवक्ता कार्यकर्ताओं ने गुरुग्राम के एक निजी विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें उन्होंने एक नए प्रकल्प मोबाइल न्याय परामर्श केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस मोबाइल न्याय परामर्श केंद्र का उद्देश्य समाज के पीड़ित शोषित वंचित दलित तथा समाज के अंतिम छोर पर उपस्थित व्यक्ति को सुलभ व निशुल्क न्याय परामर्श उपलब्ध कराने के साथ उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ ही अधिवक्ता परिषद गुरुग्राम इकाई ने संकल्प नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय के लगभग ढाई सौ छात्रों को नशे से संबंधित कानून व उनके प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। विदित हो की अधिवक्ता परिषद गुरुग्राम ने अप्रैल माह में लॉ कॉलेज सेक्टर 40 से संकल्प अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक फेडरेशन वेलफेयर फोरम गुरुग्राम मुस्कान फॉरएवर के साथ मिलकर नशा मुक्ति जागरूकता प्रारंभ किया था। अब इसमें दो और संस्थाएं गुरुग्राम स्पॉट क्लीनर्स व भारत जागृति फाउंडेशन ने भी हाथ मिलाया है। इसी के तहत कई विद्यालयों में इस अभियान को चलते हुए आज सेक्टर 89 गुरुग्राम के एक निजी विद्यालय में पूरी संकल्प की टीम पहुंची थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केरल उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश नरसिम्हा नागरेश कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद तथा संगठन के उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्रीहरि बोरिंकर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सेवा भारती तथा सेवा विभाग के कई कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लिया। मुख्य अतिथि नरसिम्हा नागरेश ने नशे से आज की पीढ़ी को होने वाले दुष्प्रभाव तथा इसका राष्ट्र के भविष्य पर होने वाले नुकसान के बारे के विस्तार से बताया। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीहरि बोरिंकर ने अधिवक्ताओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय में भूमिका विषय पर अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी बताई। साथ ही श्रीहरि बोरिंकर ने आज की पीढ़ी को नशे से दूर रहने व इसके विरुद्ध लड़ने के लिए शपथ दिलवाया। गुरुग्राम बार संघ के अध्यक्ष कुलभूषण भारद्वाज व सचिव प्रशांत ठाकरान के साथ लगभग 100 की संख्या में अधिवक्ताओं ने इस आयोजन में भाग लिया। गुरुग्राम इकाई के महामंत्री मनीष शांडिल्य ने बताया की इकाई पहले ही तीन न्याय परामर्श केंद्र चला रही है जो निर्धारित स्थानों पर है। अब इस नए प्रकल्प के तहत मोबाइल न्याय परामर्श केंद्र हर महीने के दूसरे शनिवार को सेवा विभाग तथा सेवा बस्तियों के कार्यकर्ताओं के साथ जिले व महानगर के विभिन्न सेवा बस्तियों, वनवासी तथा आदिवासी क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर लगाया जाएगा जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं के माध्यम से कानूनी परामर्श केंद्र की पूर्व सूचना दी जाएगी तथा अधिक से अधिक संख्या में जरूरतमंदों को निशुल्क कानूनी परामर्श दिए जाएंगे । साथ ही उन्हें विभिन्न विषयों पर नीतियों व कानूनी जानकारी दी जाएगी।

लोडिंग टेंपो की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर तेज रफ्तार लोडिंग टेंपो की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत हो गई। हादसा रविवार सुबह करीब 5:30 बजे सेक्टर-37 के पास हुआ। पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया और टेंपो चालक पर केस दर्ज कर लिया। जानकारी अनुसार, नई दिल्ली के रोशन विहार निवासी अंकित कुमार गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। अंकित रविवार सुबह करीब 5 बजे बाइक पर सवार होकर गुरुग्राम आ रहा था। सुबह करीब 5:30 बजे जब वह सेक्टर-37 के पास द्वारका एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर पहुंचा तो उसके बराबर में चल रहे लोडिंग टेंपो चालक ने अचानक कट मार दिया। इससे अंकित की बाइक टेंपो के साइड से टकराकर सडक़ पर गिर गई। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने घायल अंकित को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि सेक्टर-10 थाना पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। बाइक को टक्कर मारने वाले लोडिंग टेंपो की पहचान कर ली गई है। पुलिस मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

स्वास्थ्य, टीबी जांच व जागरूकता शिविर

`स्वास्थ्य विभाग और जीराम सेवा फाउंडेशन का सराहनीय सहयोग`

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम की तरफ से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी जी, महासचिव डॉ सुनील कुमार जी, गुरुग्राम उपायुक्त व प्रधान श्री उत्तम सिंह जी एवं अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट जी तथा रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार जी के मार्गदर्शन में संचालित टीबी प्रोजेक्ट द्वारा गुरुग्राम के सेक्टर 63 में प्रवासी मजदूरो हेतु विशाल स्वास्थ्य एवं टीबी जांच शिविर आयोजित किया गया । जिसमें की सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्त जांच, आंखों की जांच, दांतों की जांच, टीबी और एचआईवी की जांच के साथ-साथ उचित पोषाहार सलाह भी दी गई।

कुल 200 से ज्यादा श्रमिक उपस्थित हुए जिनमें 110 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। 63 लोगों का तत्स्थान एक्स रे किया गया जिनमें 2 संभावित रोगी मिले।

सभी उपस्थित प्रवासी श्रमिकों को स्वास्थ्य सावधानियां रखने की सलाह दी गई । 59 रोगियों को निशुल्क दवाएं वितरित की गई। टिबी रोग की उचित जानकारियां दी गई और बचाव के तरीके बताए गए। सचिव श्री विकास कुमार जी ने सभी लोगों को आश्वासन दिया कि आपको स्वास्थ्य संबंधी, टिबी संबंधी कभी भी कोई भी सहायता चाहिए परामर्श चाहिए तो जिला रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा आपके साथ तैयार है।

जिला टिबी समन्वयक रोहिताश शर्मा ने शिविर का संचालन करते हुए सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया और सभी प्रतिभागियों को विश्वास दिलाया की आपको कोई भी समस्या हो या सहायता चाहिए तो हमसे संपर्क करें। गुरुग्राम टीबी मुक्त करने के संकल्प के साथ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा आपके साथ काम करने को उत्साहित है।

डॉ रंजना मल्होत्रा जी, जिला टीबी ऑफिसर ने बताया कि पूरा टीबी विभाग क्षेत्र के लोगों के सम्पूर्ण उत्तम स्वास्थ्य हेतु हमेशा प्राथमिकता से कार्य करते हैं। सभी जरूरतमंद लोगों की सेवा हेतु पूरी टीम हमेशा तैयार रहती है।

रेड क्रॉस सोसाइटी से संगीता, मंजू शर्मा, सुषमा, कविता सरकार, वनीता, मनोज चौहान आदि ने शिविर संचालित करने में उत्तम कार्य किया

लोकतंत्र की मजबूती और राष्ट्रहित के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही भाजपा: सुरेश यादव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में मजबूत हुआ लोकतांत्रिक विश्वास और सुशासन : सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बीजेपी गुरुग्राम जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने हरियाणा के रोहतक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा तथा फरीदाबाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह की मौजूदगी में आयोजित पदयात्रा को भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इन पदयात्राओं के माध्यम से भाजपा ने लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का स्पष्ट संदेश दिया है। सुरेश यादव ने कहा कि रोहतक में आयोजित विशाल पदयात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने संगठन की एकजुटता और जनसेवा के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। वहीं फरीदाबाद में आयोजित पदयात्रा में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने प्रदेशभर में अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की। सुरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने हमेशा संविधान की भावना, राष्ट्र की एकता और देशवासियों के हितों को सर्वोपरि रखा है। उनके नेतृत्व में देश विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इसी राष्ट्रसेवा और जनकल्याण की भावना को लेकर जनता के बीच कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए सुरेश यादव ने कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनहित, गरीब कल्याण, किसान उत्थान, युवाओं के रोजगार और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गुरुग्राम सहित पूरे हरियाणा के औद्योगिक, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास को गति देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। राव नरबीर सिंह अपने अनुभव, सक्रियता और विकासोन्मुखी सोच के साथ प्रदेश की प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में क्षेत्र के विकास से जुड़े कार्यों को नई दिशा और गति मिल रही है।

भाजपा सरकार का उद्देश्य विकास के लाभ को प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। सुरेश यादव ने कहा कि भाजपा का यह अभियान केवल पदयात्राओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक चेतना, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सकारात्मक राजनीतिक संवाद को मजबूत करने का व्यापक प्रयास है। भाजपा हमेशा लोकतांत्रिक मर्यादाओं, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह जैसे अनुभवी नेताओं के प्रयासों से हरियाणा विकास और सुशासन के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता मनीष खटाना ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली कूच किया

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाओ रैली में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया है कि देश की जनता अब तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरी तरह तैयार है। उक्त बात कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मनीष खटाना ने रैली की सफलता पर व्यक्त किए। सोहना विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित मनीष खटाना ने कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष पंकज डावर व ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन यादव के साथ दिल्ली के लिए कूच किया। मनीष खटाना की अगुवाई में कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। हाथों में तिरगा और दिल में बदलाव की तमन्ना लिए कार्यकर्ता जयघोष करते दिखाई दिए। मनीष खटाना ने बताया कि इस रैली में देश के विभिन्न प्रदेशों के कार्यकर्ताओं, आमजनमानस व जागरुक जनता से शामिल होकर भाजपा की नीतियों पर न केवल जमकर हमला किया, अपितु यह दिखा दिया कि आगामी सरकार कांग्रेस की ही बनेगी। प्रदेश प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि बौखलाई हुई सरकार के इशारे पर पुलिस ने हालांकि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को रोकने का भरसक प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं का जज्बा देखकर पुलिस को भी पीछे हटना पड़ा। बसें रोके जाने के बाद भी कार्यकर्ता हाथों में तिरंगे और पार्टी के झंडे लेकर पैदल ही दिल्ली की ओर बढ़ चले, जिसके बाद आगे चलकर गाडिय़ों में सवार होकर रैली स्थल तक पहुंचे। मनीष खटाना ने कहा कि रामलीला मैदान में उमड़े जनसैलाब ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की जनता बदलाव चाहती है। सरकार राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा और इस रैली की सफलता से इतनी डरी हुई है कि वह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही के खिलाफ जनता के दिलों में पनपे आक्रोश को नहीं दबा सकती। आज किसान को फसल का सही दाम नहीं मिल रहा और नौजवान रोजगार के लिए भटक रहा है। जिलाभर के किसानों, मजदूरों और युवाओं ने दिल्ली पहुंचकर यह साफ संदेश दे दिया है कि जब बात देश की आती है तो हरियाणा का आम जन पीछे नहीं हटता।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए देशभर से उमड़ा जनसैलाब, विपक्ष की महारैली रही ऐतिहासिक : डॉ. मुकेश शर्मा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. मुकेश शर्मा दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की विशाल महारैली में शामिल हुए। उन्होंने महारैली को ऐतिहासिक और सफल बताते हुए कहा कि देश के कोने-कोने से उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि आज देश का आम नागरिक लोकतंत्र, संविधान और अपने मताधिकार की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ा है।महारैली में उमड़ी भारी भीड़ ने यह संदेश दिया है कि जनता लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगी। डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के विभिन्न विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं ने एकजुट होकर देश के सामने लोकतंत्र से जुड़े गंभीर सवाल उठाए। नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया तथा देशवासियों से लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। राहुल गांधी के नेतृत्व और संघर्ष की सराहना करते हुए डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी आज देश की जनता के मताधिकार, संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता की आवाज मजबूती से उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है। राहुल गांधी इसी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जनता के मुद्दों को लगातार देश के सामने रख रहे हैं। उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति या राजनीतिक पद के लिए नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के उस अधिकार के लिए है, जिसके आधार पर वह अपनी सरकार चुनता है। उन्होंने कहा कि जब जनता के वोट की ताकत पर सवाल खड़े हों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर संदेह व्यक्त किया जाए, तब चुप रहना लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ अन्याय होगा। राहुल गांधी ने इन सवालों को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाकर आम नागरिक को जागरूक करने का काम किया है। आज देश को ऐसे मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है, जो सरकार से जवाब मांगे और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निडर होकर आवाज उठाए।डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि रामलीला मैदान की यह महारैली केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के संकल्प को मजबूत करने वाला जनआंदोलन है।

फरीदाबाद में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ'' पदयात्रा में उमड़ा कार्यकर्ताओं का जनसैलाब : विधायक मुकेश शर्मा ने भरी हुंकार

धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में गुरुग्राम और फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कई हजारों कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का दोहराया संकल्प

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज





फरीदाबाद। गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने फरीदाबाद में आयोजित भव्य 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में सम्मिलित होकर लोकतंत्र की गरिमा, संवैधानिक मूल्यों और जनविश्वास की रक्षा के संकल्प को दोहराया। पदयात्रा में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संगठन की एकजुटता और सामूहिक संकल्पशक्ति का परिचय दिया। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं माननीय लोकसभा सांसद श्री धर्मेंद्र प्रधान जी के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह जी एवं श्री कृष्ण पाल गुर्जर जी सहित हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री राव नरबीर सिंह जी, श्री गौरव गौतम जी, श्री राजेश नागर जी, विधायक श्री मूलचंद शर्मा जी, श्री तेजपाल तंवर जी सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, मंडल अध्यक्षों, मेयर, डिप्टी मेयर एवं पार्षदों की उपस्थिति रही। गुरुग्राम लोकसभा और फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कई हजारों की संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह और सहभागिता ने पदयात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। "विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव लोकतंत्र, संविधान और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसके विपरीत कांग्रेस द्वारा SIR और कथित वोट चोरी जैसे मुद्दों को लेकर किए जा रहे भ्रामक प्रचार के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। देश की जागरूक जनता ऐसे झूठे प्रचार और राजनीतिक भ्रम की सच्चाई को भली-भांति समझती है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों और देशहित के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित है। विधायक श्री मुकेश शर्मा ने पदयात्रा में गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र से शामिल हुए सभी मंडल अध्यक्षों, पार्षदगणों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह, संगठन के प्रति समर्पण और एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। सभी के सामूहिक प्रयासों से संगठन की आवाज और अधिक मजबूती के साथ जनता तक पहुंचती है।

पुलिस ने खूब रोका, फिर भी गुड़गांव से दिल्ली रैली में पहुंचे हजारों लोग

-काफी संख्या में कार्यकर्ता पैदल ही दिल्ली की तरफ झंडे लेकर चले दिए

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज





गुरुग्राम। दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली में गुड़गांव से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, आमजन जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव के नेतृत्व में पहुंचे। पुलिस ने उन्हें गुड़गांव-दिल्ली बॉर्डर पर रोका, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और दिल्ली रैली में पहुंचे। शहर के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान से पूर्व सांसद राज बब्बर व पूर्व सांसद एवं रैली के गुड़गांव प्रभारी धर्मपाल मलिक भी रवानगी के दौरान मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने गुड़गांव-दिल्ली बॉर्डर पर उनके काफिले को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं के जोश के आगे पुलिस को हटना पड़ा और सभी कार्यकर्ता रैली स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने काफी बसों को बॉर्डर पर ही रोक दिया। काफी कार्यकर्ता हाथों में झंडे लिए पैदल मार्च करते हुए दिल्ली की तरफ बढ़ते गए। कुछ समय बाद गाडिय़ां निकलकर आई तो वे गाडिय़ों में सवार हुए। जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि तानाशाही सरकार डर गई है। कार्यकर्ताओं को रैली में जाने से रोका सरकार की बौखलाहट का सबसे बड़ा सबूत है। उन्होंने कहा कि जब सब सेक्टर-29 लेजरवैली मैदान से शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली के लिए निकले तो गुड़गांव-दिल्ली बॉर्डर पर पुलिस ने रोक लिया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ झड़प भी की, लेकिन मजबूत इरादों के साथ हिम्मत दिखाई और आगे बढ़ते गए। उन्होंने कहा कि यह सरकार राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से और आज की इस लोकतंत्र बचाओ रैली से इतनी डर गई है कि वह हमें दिल्ली जाने से रोक रही है। पंकज डावर ने कहा कि रविवार को रामलीला मैदान में जो जनसैलाब उमड़ा है, उसने बता दिया है कि देश की जनता अब बदलाव चाहती है। यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं है, यह लड़ाई देश के संविधान को बचाने की है, लोकतंत्र को बचाने की है। उन्होंने पूर्व सांसद राज बब्बर और धर्मपाल मलिक का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने सब कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाया है। जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव ने कहा कि सुबह जब हम निकले तो किसी ने नहीं सोचा था कि पुलिस हमें इस तरह रोकेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस लगाकर कांग्रेस के कार्यकर्ता को रोक लोगे, लेकिन जनता के दिल में जो आक्रोश है, महंगाई, बेरोजगारी और इस तानाशाही के खिलाफ जो गुस्सा है, उसे कैसे रोकोगे। कार्यकर्ताओं व आमजनता ने दिखा दिया कि जब बात देश की आती है तो हरियाणा का आदमी पीछे नहीं हटता।

हरियाणा की 60 वर्षों की विकास यात्रा प्रदेश की मेहनत, संघर्ष और गौरवशाली विरासत का प्रतीक : मेयर राजरानी मल्होत्रा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा के छह दशकों की विकास यात्रा, ऐतिहासिक उपलब्धियों और समृद्ध लोक परंपराओं को उत्सव के रूप में मनाने के लिए रविवार को जिला प्रशासन गुरुग्राम की ओर से सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद सभागार (जॉन हॉल) में हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला तथा डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, परंपराओं और गौरवशाली विरासत की मनमोहक झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि मेयर राजरानी मल्होत्रा ने दीप प्रज्ज्वलित करने उपरांत अपने संबोधन में प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस एवं हीरक जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा ने बीते 60 वर्षों में विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में प्रदेश ने अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की असली ताकत यहां के मेहनतकश किसान, जवान, खिलाड़ी और कर्मठ नागरिक हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। मेयर ने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में रची-बसी लोक संस्कृति, परंपराएं और सामाजिक मूल्य हमारी अमूल्य धरोहर हैं। नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और ऐतिहासिक विरासत से जोड़ना समय की आवश्यकता है। हीरक जयंती जैसे आयोजन न केवल हमारी उपलब्धियों का उत्सव हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने का भी सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने प्रदेश की एकता, समरसता और विकास की भावना को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। समारोह में कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय हीरक जयंती समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसके माध्यम से उपस्थित लोगों ने राज्य स्तरीय आयोजन की गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सीधा अवलोकन किया। वहीं, गुरुग्राम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा के सिनेमाई सफर पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। हरियाणवीं कलाकार मोंटी शर्मा के ग्रुप द्वारा रागनी, लोकगीतों तथा देव समाज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक हरियाणवी लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति से रूबरू कराया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभागार में हरियाणवी रंग और उत्सव का माहौल बना दिया। आयोजन स्थल पर हरियाणा के नक्शे और हीरक जयंती की थीम पर आधारित आकर्षक रंगोली भी बनाई गई, जो समारोह का विशेष आकर्षण रही।

ऑटो चालक के लिए दीपावली का पावन पर्व काली दीपावली साबित न हो : हरियाणा ऑटो चालक संघ

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। आज हरियाणा दिवस के अवसर पर हरियाणा ऑटो चालक संघ, सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आज मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष महीपाल जी ने की। बैठक में भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर ऑटो चालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके समाधान के लिए आगे की रणनीति और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में उपस्थित गुरूग्राम के 17 ऑटो स्टैंडों के प्रधानों ने विशेष रूप से सीएनजी पंपों पर ऑटो चालकों को पर्याप्त मात्रा में सीएनजी उपलब्ध न होने की समस्या को पुरजोर तरीके से उठाया। इसके साथ ही सीएनजी सिलेंडर टेस्टिंग के नाम पर हो रही कथित अनियमितताओं एवं धांधली को रोकने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को 1 नवंबर हरियाणा दिवस की बधाई प्रेषित की और कहा कि आज ऑटो चालकों के सामने अपनी रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सीएनजी की उपलब्धता में आ रही परेशानी के कारण ऑटो चालकों को अपने परिवार का पालन-पोषण करना कठिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऑटो चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही स्थानीय विधायक मुकेश शर्मा जी से मुलाकात करेगा और ऑटो चालकों की समस्याओं को उनके समक्ष रखते हुए उनके शीघ्र समाधान का अनुरोध करेगा। योगेश शर्मा ने कहा कि दीपावली का पर्व निकट है, लेकिन गुरुग्राम में सीएनजी सिलेंडर टेस्टिंग सेंटरों की सीमित संख्या के कारण ऑटो चालकों को टेस्टिंग के लिए अपना नंबर आने में लगभग दो से तीन महीने का समय लग रहा है। ऐसे में यूनियन विधायक महोदय से यह भी अनुरोध करेगी कि ऑटो चालकों को इस समस्या में उचित राहत प्रदान की जाए, ताकि वे बिना किसी अनावश्यक परेशानी के अपने

हरियाणा दिवस पर राजकुमार (राजू) का फरीदाबाद में शक्ति प्रदर्शन: मंत्री राव नरबीर सिंह के साथ भव्य रैली और 'लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ' पदयात्रा में दिखाई ताकत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा दिवस के शुभ अवसर पर फरीदाबाद में आयोजित विभिन्न भव्य कार्यक्रमों में भाजपा नेता, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री राजकुमार (राजू) ने अपनी पूरी टीम और समर्थकों के साथ जोरदार सहभागिता दर्ज की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री राव नरबीर सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर भव्य रैली में हिस्सा लिया तथा विशाल पदयात्रा की अगुवाई की। लोकतंत्र बचाओ – अराजकता हटाओ' पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब हरियाणा दिवस के मौके पर आयोजित "लोकतंत्र बचाओ – अराजकता हटाओ" विशाल पदयात्रा में राजकुमार (राजू) अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ अग्रिम पंक्ति में हाथों में भाजपा के ध्वज लहराते हुए शामिल हुए। रैली और पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था और पूरा मार्ग देशभक्ति व संगठन के नारों से गूंज उठा। हरियाणा के गौरव और सामाजिक समरसता पर जोर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एवं मीडिया से बातचीत के दौरान राजकुमार (राजू) ने कहा कि "आज का दिन हर हरियाणवी के लिए गर्व का दिन है। इन आयोजनों के माध्यम से हमने लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और हरियाणा के गौरव के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की है।" उन्होंने आगे कहा कि संगठन की ताकत ही हमारी असली पहचान है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राज्य की समृद्धि तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए समर्पित है। कार्यकर्ताओं का जताया आभार राजकुमार (राजू) ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए अपनी पूरी टीम, समर्थकों और उपस्थित सभी सम्मानित साथियों के अपार उत्साह एवं सहयोग के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

नियमों के आगे नहीं चलेगी वाहन की धाक, बिना नंबर प्लेट घूम रही काली थार पर गुरुग्राम यातायात पुलिस की कार्रवाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में यातायात नियमों का उल्लंघन कर बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सेक्टर-5, गुरुग्राम में बिना नंबर प्लेट के घूम रही काले रंग की थार गाड़ी को यातायात निरीक्षक पश्चिम-5 कृष्ण कुमार एवं जोनल अधिकारी ASI श्यामपाल द्वारा काबू कर इंपाउंड किया। बिना नंबर प्लेट वाहन का सड़क पर संचालन यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे वाहनों की पहचान करना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है, जिससे किसी अप्रिय घटना अथवा नियम उल्लंघन की स्थिति में जवाबदेही तय करने में कठिनाई हो सकती है। गुरुग्राम यातायात पुलिस स्पष्ट करती है कि वाहन की पहचान छिपाकर या निर्धारित नंबर प्लेट के बिना सड़क पर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया जाएगा। वाहन चालक अपने वाहनों पर नियमानुसार आगे और पीछे नंबर प्लेट लगाकर ही सड़क पर निकलें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

हरियाणा की छह दशकों की विकास यात्रा मेहनत, हिम्मत और स्वाभिमान की कहानी : अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति

शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में हरियाणा दिवस पर हीरक जयंती समारोह आयोजित

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। हरियाणा दिवस के अवसर पर आज शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय, सालाहेड़ी में हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति ने कहा कि 1 नवंबर 1966 को हरियाणा अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था। आज प्रदेश अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर रहा है और पूरे प्रदेश में हीरक जयंती मनाई जा रही है। छह दशकों की यह विकास यात्रा प्रदेश के लोगों की मेहनत, हिम्मत, संघर्ष और स्वाभिमान की कहानी है। हरियाणा ने सीमित भौगोलिक क्षेत्र और संसाधनों के बावजूद कृषि, उद्योग, शिक्षा, खेल तथा अन्य क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है।

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली विरासत

उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती का अपना ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश दिया, जिसमें कर्म को सर्वोपरि बताया गया है। यही कर्मप्रधान सोच हरियाणा के लोगों के स्वभाव में दिखाई देती है। हमारी रागिनी, सांग, फाग और घूमर जैसी लोककलाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव तथा फरीदाबाद का सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र भी अपनी विशिष्ट बोली, लोककला, परंपराओं और सादगी के माध्यम से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध कर रहा है।

खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व में बनाई पहचान

उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय दल के लगभग 25 खिलाड़ी हरियाणा से थे। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। मनु भाकर ने एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचा। पैरालंपिक 2024 में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीतने में योगदान दिया। हरियाणा से मनीषा भनवाला ने महिला विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर साबित किया है कि हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा कर रहे हैं प्रदेश का नाम रोशन

उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवा खेल के मैदान के साथ-साथ शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। नीट-यूजी 2026 में हरियाणा के पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक प्राप्त कर देश में शीर्ष स्थान साझा किया। यूपीएससी, जेईई, सेना और पुलिस सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के युवा निरंतर सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे बड़े सपने देखें, ईमानदारी से मेहनत करें और असफलताओं से घबराने की बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ें। आज यहां उपस्थित प्रत्येक विद्यार्थी भविष्य में अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, खिलाड़ी और देश का जिम्मेदार नागरिक बन सकता है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं में हुआ विस्तार

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 1966-67 में हरियाणा में केवल एक विश्वविद्यालय था, जबकि आज प्रदेश में विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग और रोजगार सहित प्रत्येक क्षेत्र में विकास का विस्तार हुआ है। जिला नूंह में भी प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति और परिवार तक पहुंचे तथा कोई भी पात्र परिवार योजनाओं से वंचित न रहे।

विकसित हरियाणा के निर्माण में सभी करें योगदान

उन्होंने कहा कि हरियाणा दिवस के अवसर पर हमें अपनी संस्कृति और मातृभाषा पर गर्व करने, बेटियों को शिक्षित कर आगे बढ़ाने, नशे से दूर रहने, युवाओं को खेल एवं शिक्षा से जोड़ने तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।

खेल मैदान में दिखा हरियाणा दिवस का उत्साह, ऊझा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने लिया प्रतियोगिताओं में हिस्सा : नरेश रावल



ओपन सर्च / मनदीप कुमार

पानीपत। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत ऊझा की ओर से खेल स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें गांव के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट नरेश रावल ने कहा कि खेलों को जीवन का हिस्सा बनाना और नशे से दूर रहना स्वस्थ एवं सफल जीवन का मूल मंत्र है। युवाओं को अपनी ऊर्जा खेल गतिविधियों में लगानी चाहिए और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज खेल मैदान में मेहनत और लगन से अभ्यास करने वाले बच्चे भविष्य में जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर गांव ऊझा का नाम रोशन कर सकते हैं। युवा शक्ति गांव, प्रदेश और देश की असली ताकत है। खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करती हैं। इस अवसर पर प्रवीण रावल गांगुली, कोली रावल, मनीष रावल, अनिल रावल, कुलदीप रावल पीटीआई, मोनू फौजी, कक्की रावल, मंजीत रावल, प्रधान ऋषिपाल रावल, कटार रावल, नंदपाल प्रजापत, कृष्ण रावल, सुरेश नंबरदार, बाबू रावल, सुरेश रावल, दीपक कुमार, मुकेश पांचाल सहित ग्राम पंचायत के सदस्य एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

नूंह के घासेड़ा गांव में सीआईए और गौ तस्कर के बीच हुई मुठभेड़, तस्कर के पैर में लगी गोली

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। नूंह सदर थाना इलाके के गांव घासेड़ा में सीआईए स्टाफ नूंह की टीम और एक गौ तस्कर के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी तस्कर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए नल्हड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से तीन गोवंश और अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ नूंह इंचार्ज इंस्पेक्टर विनोद कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान गांव घासेड़ा में इंडियन पेट्रोल पंप पीर मजार के पास एक संदिग्ध आरोपी को रोकने का इशारा किया गया। आरोपी ने पुलिस पार्टी को देखकर मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी दिलशाद उर्फ दिल्ला पुत्र जफरुद्दीन निवासी गांव सुडाका, उम्र करीब 37/38 वर्ष के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे तुरंत काबू कर इलाज के लिए शहीद हसन खां मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 गाय, एक देसी कट्टा और एक जिंदा रौंद बरामद किया है। आपको बता दें कि नूंह पुलिस कप्तान डॉ अर्पित जैन के निर्देश पर नूंह जिले में गौ तस्करी जैसे अपराधों को रोकने के लिए पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

गौ तस्करों और नशा तस्करों के खिलाफ लगातार जारी है कार्रवाई। एसपी डॉ अर्पित जैन

नूंह जिले के एसपी डॉ अर्पित जैन का कहना है कि नूंह जिले में गौ तस्करी और नशा तस्करी जैसे अपराधों के खिलाफ पुलिस का लगातार अभियान चल रहा है। जिसमें नूंह पुलिस को लगभग सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अगर फिर भी कुछ लोग इस अपराध को अंजाम दे रहे हैं तो उनको गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पिछे भेजने का काम किया जा रहा है। मेवात में अपराध और अपराधी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ" रैली में उमड़ा जनसैलाब, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली का ऐतिहासिक रामलीला मैदान आज 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली के दौरान विशाल जनसैलाब का गवाह बना। मैदान में एकत्र हुए लाखों लोगों का हुजूम लोकतंत्र और चुनावी पारदर्शिता की रक्षा के समर्थन में एकजुट नजर आया। रैली के दौरान चारों तरफ एक ही गूंज सुनाई दी—"हमारा वोट, हमारा अधिकार और हमारे लोकतंत्र की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है।"

लोकतंत्र, पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग

रैली में मौजूद लोगों ने स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जनता ने चुनावी प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की। इसके साथ ही, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में पूर्ण तटस्थता और जवाबदेही तय करने की मांग भी मंच से जोर-शोर से उठाई गई।

रामलीला मैदान से संकल्प

रैली के दौरान रामलीला मैदान के मंच से यह संकल्प लिया गया कि वोट के अधिकार और संविधान की ताकत को किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि जब जनता एकजुट होकर खड़ी होती है, तो उसकी आवाज सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है। रैली का समापन "वोट बचाओ, देश बचाओ!", "लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ!" और "जय हिंद! जय भारत!" के नारों के साथ हुआ।

राजिंदर छौक्कर बने चुलकाना धाम गौशाला के नए प्रधान, पंचायत की मौजूदगी में सौंपी जिम्मेदारी



ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। चुलकाना धाम गौशाला के नए प्रधान के रूप में राजिंदर छौक्कर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में पूर्व प्रधान कंवर सिंह ने गौशाला की चाबी और गौमाताओं की सेवा का दायित्व राजिंदर छौक्कर को सौंपा। उनकी नियुक्ति पर गौ रक्षा दल हरियाणा के अध्यक्ष चौ. हैप्पी रावल ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। चौ. हैप्पी रावल ने कहा कि गौशाला की जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि गौमाता की सेवा का पवित्र अवसर है। उन्हें विश्वास है कि राजिंदर छौक्कर अपने अनुभव और समर्पण से गौशाला को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने गौमाता से नए प्रधान पर अपना आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की। उन्होंने ग्राम पंचायत और समस्त ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांववासियों ने जिम्मेदार नेतृत्व का चयन किया है। वहीं नवनियुक्त प्रधान राजिंदर छौक्कर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। गौमाता की सेवा और गौशाला का बेहतर संचालन उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, ग्रामीणों और सभी सहयोगियों को साथ लेकर गौशाला के विकास एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी ग्रामवासियों का विश्वास जताने और जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार व्यक्त किया।

नूंह में मिड-डे-मील वर्करों को 4 महीने से नहीं मिला मानदेय, इस बार काली दिवाली मनाने को मजबूर

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। नूंह जिले में मिड-डे-मील वर्करों को पिछले 4 महीने से मानदेय न मिलने के कारण उनमें भारी रोष है। वर्करों का कहना है कि इस बार उनकी दिवाली काली मनने जा रही है। त्योहारी सीजन में मानदेय न मिलने से वे अपने बच्चों के साथ खुशियां भी नहीं बांट पा रहे हैं। मिड-डे-मील वर्कर बलेश, कमलेश, सोनिया, सुषमा, सीमा, आबिदा, सुनीता, संजीता आदि ने बताया कि हरियाणा सरकार मिड-डे-मील वर्करों के साथ अन्याय कर रही है। 12 महीने काम लिया जाता है लेकिन मानदेय सिर्फ 10 महीने का ही दिया जाता है, उसमें भी 1000 रुपए अज्ञात कारणों से काट लिए जाते हैं। सरकार द्वारा 7000 रुपए मानदेय तय है लेकिन स्कूल स्टाफ केवल 6000 रुपए ही देता है। वर्करों ने कहा कि इतने कम वेतन में बच्चों का पेट पालना मुश्किल हो रहा है। पिछले 4 महीने से मानदेय न मिलने से भूखे मरने की नौबत आ गई है। चुनाव के समय भाजपा सरकार महिलाओं और मजदूरों को लेकर लंबे-चौड़े दावे करती है, लेकिन हकीकत में वर्करों को भूखा मारना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों में उनसे बेगार ली जाती है और बार-बार काम से हटाने की धमकी दी जाती है।

वर्करों की पांच मुख्य मांगें -

1. दिवाली पर्व से पहले पूरा बकाया मानदेय दिया जाए।
2. मिड-डे-मील वर्करों का वेतन 26 हजार रुपए प्रतिमाह किया जाए।
3. 12 महीने का मानदेय दिया जाए।
4. मानदेय में से 1000 रुपए की अवैध कटौती बंद की जाए।
5. काम से हटाने की धमकी और बेगार प्रथा पर रोक लगाई जाए।

राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली रामलीला मैदान में हुई इंडिया गठबंधन की महारैली में मेवात से पहुंचे हजारों कार्यकर्ता

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार



समालखा। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और वोट चोरी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की महारैली में मेवात से विधायक चौधरी आफताब अहमद और विधायक मामन खान इंजीनियर के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह रैली राहुल गांधी के नेतृत्व में हुई, जिसमें देशभर से जनसैलाब उमड़ा। रविवार सुबह 8 बजे मेवात से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद और फिरोजपुर झिरका विधायक चौधरी मामन खान इंजीनियर के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़ो, वोट बचाओ-देश बचाओ' के गगनचुंबी नारे लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी जोश और उत्साह देखा गया। इस दौरान नूंह से विधायक चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि पूरे देश से दिल्ली रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली में जनसैलाब उमड़ा है और मेवात के लोगों में भी इसको लेकर भारी जोश है। हजारों की संख्या में मेवात से कार्यकर्ता दिल्ली में रैली में भाग लेने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना होगा और जब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। देश की जनता ने बता दिया है कि वोट चोरों को गद्दी छोड़नी होगी।

वोट चोरों को गद्दी छोड़नी होगी। चौधरी मामन खान :

वहीं फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के विधायक चौधरी मामन खान इंजीनियर ने कहा कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई रैली में मेवात से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। उनके नेतृत्व में भी सैकड़ों गाड़ियों का काफिला दिल्ली पहुंचा है, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर बता दिया कि मेवात अब पीछे नहीं है और मेवात का हर कांग्रेस कार्यकर्ता वोट चोरी के खिलाफ अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है।

उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देंगे, कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। राहुल गांधी के नेतृत्व में आज पूरा देश रामलीला मैदान में उमड़ा है।

नूंह जिले की गाड़ियों को सोहना में पुलिस द्वारा रोकने का आरोप - विधायकों ने जताया कड़ा विरोध

इस दौरान दोनों विधायकों ने आरोप लगाया कि नूंह जिले से निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काफिले को सोहना में पुलिस द्वारा चेकिंग के नाम पर रोका गया, ताकि जाम लगे और कांग्रेस कार्यकर्ता जाम में फंस जाएं और दिल्ली न पहुंच सकें। इसको लेकर विधायक आफताब अहमद ने कड़ा विरोध जताया और पुलिस से तीखी बहस हुई। आफताब अहमद ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया अहोई अष्टमी का त्योहार

ओपन सर्च /वेद बहल



झज्जर। अहोई अष्टमी का त्योहार रविवार को आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने बच्चों की दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना के लिए निर्जल व्रत रखा। महिलाओं ने घरों एवं मन्दिरों में अहोई माता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिवार की मंगल कामना की। शहर के मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर के प्रांगण में महिला संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में चल रही द्वितीय कार्तिक मास की कथा के दौरान कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने महिला श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अहोई अष्टमी माँ के उस हृदय का उत्सव हैं, जो अपनी संतान के सुख में अपना सुख और उसके दु:ख में अपना दु:ख अनुभव करता हैं। मां का आशीर्वाद बच्चे के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उसके स्नेह में त्याग हैं, उसकी चिंता में ममता हैं और उसकी प्रार्थना में संतान के सम्पूर्ण जीवन की मंगलकामना समाहित हैं। प्रधान इंदू भूगड़ा ने सभी माताओं को अहोई अष्टमी व्रत की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि अहोई माता सबकी संतानों की रक्षा करें। नगर पार्षद सुषमा गोसाई मौजूद रही। समिति के प्रधान सुधांशु हंस ने अहोई अष्टमी की शुभकामनाएं दीं। महिला संकीर्तन मंडली की रोजी नारंग, सुषमा गोसाई, शशी बहल, संतोष हंस, इंदू भूगड़ा ने मेरा छोटा सा संसार हरी आ जाओ एक बार..और संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा ने तेरे पूजन को भगवान बना मन मन्दिर आलीशान...भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रधान सुधांशु हंस, राजकुमार चुघ, इंदू देवराज भूगड़ा, रमेश लखेरा, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ और विशन वधवा मौजूद रहे।

जम्मू के खिलाड़ियों को हराकर यश पवार ने जीता गोल्ड मेडल, समालखा में हुआ सम्मान : पवन बेनीवाल

ओपन सर्च/ मनदीप कुमारा

समालखा। नगर परिषद वार्ड-10 स्थित खटीक मोहल्ला निवासी युवा खिलाड़ी यश पवार ने हरियाणा की ओर से खेलते हुए जम्मू के खिलाड़ियों को पराजित कर गोल्ड मेडल जीतकर समालखा का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर सशक्त भीम समाज के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। इस दौरान वार्ड-10 के पार्षद प्रतिनिधि पवन बेनीवाल ने यश को फूलमालाएं पहनाकर और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यश के पिता सोनू पवार ने बताया कि उनके बेटे ने हरियाणा की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया और जम्मू के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि यश समालखा की चांद एकेडमी में कोच राजीव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहा है। कोच राजीव बच्चों को खेल की बारीकियां सिखाने के साथ उन्हें आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करवा रहे हैं। उनके नेतृत्व में एकेडमी के खिलाड़ी लगातार समालखा का नाम रोशन कर रहे हैं। एकेडमी के कोच राजीव ने यश की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि जम्मू में गोल्ड मेडल जीतना उसके कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है। उन्होंने यश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्द ही देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्ण पदक हासिल करेगा। वहीं, नगर परिषद वार्ड-10 के पार्षद मनीष बेनीवाल के पिता एवं पार्षद प्रतिनिधि पवन बेनीवाल ने कहा कि यश की उपलब्धि पूरे समालखा के लिए गर्व की बात है। युवा खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। ऐसे होनहार खिलाड़ियों को सम्मान मिलने से अन्य युवाओं को भी मेहनत करने और खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 114वें स्थापना वर्ष समारोह एवं स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह में की शिरकत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा राष्ट्र का भविष्य युवा पीढ़ी के संस्कारों और सामर्थ्य से बनता है

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि गुरुकुल जैसी संस्थाएं भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को संरक्षित रखने के साथ-साथ भावी पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद जी के महान व्यक्तित्व, त्याग, तपस्या और राष्ट्र सेवा के प्रति उनके समर्पण को नमन किया तथा भारतीय संस्कृति एवं वैदिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति रविवार को कुरुक्षेत्र स्थित गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित 114वें स्थापना वर्ष समारोह एवं स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित 'बलिदान शताब्दी समारोह' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस अवसर पर कहा कि गुरुकुल के इस पवित्र प्रांगण में इतिहास की प्रेरणा, वर्तमान का गौरव और भविष्य का संकल्प तीनों एक साथ दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हर हरियाणावासी के लिए विशेष है, क्योंकि प्रदेश अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर हीरक जयंती मना रहा है। इसी शुभ अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और समाज सुधारक स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान शताब्दी वर्ष तथा गुरुकुल कुरुक्षेत्र का 114वां स्थापना समारोह मनाया जा रहा है। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद जी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए गुरुकुल परिवार को स्थापना दिवस और प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस एवं हीरक जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि ज्ञान और संस्कार के इस तीर्थ में राष्ट्रपति की उपस्थिति शिक्षा के महत्व को और अधिक रेखांकित करती है।

स्वामी श्रद्धानंद जी ने शिक्षा को राष्ट्र जागरण का बनाया आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी ने गुलाम भारत में स्वाभिमान जगाया, सामाजिक सुधार की चेतना पैदा की और राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। महर्षि दयानंद सरस्वती जी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने ज्ञान, चरित्र और सेवा के आधार पर सशक्त समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया। स्वामी जी जानते थे कि राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के संस्कारों और सामर्थ्य से बनता है। इसी उद्देश्य से उन्होंने ऐसी शिक्षा का संकल्प लिया, जो विद्यार्थी को ज्ञानवान, अनुशासित, साहसी, स्वावलंबी और राष्ट्र के प्रति समर्पित बनाए। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान के 100 वर्ष पूरे होने के इस अवसर पर उनके आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक सजग करते हैं। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम शिक्षा का प्रकाश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1912 में स्वामी श्रद्धानंद जी द्वारा स्थापित यह गुरुकुल उनकी दूरदृष्टि की जीवंत धरोहर है। यहां भारतीय परंपरा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की भावना को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने इस संस्था की यात्रा में योगदान देने वाले आचार्यों, प्रबंधकों, सहयोगियों और पूर्व विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। साथ ही, आचार्य देवव्रत जी के गुरुकुल के प्रति समर्पण और संस्कारयुक्त शिक्षा के प्रसार के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने आचार्य देवव्रत जी द्वारा की जा रही प्राकृतिक खेती की भी सराहना की,उन्होंने कहा उनके द्वारा 180 एकड़ में प्राकृतिक खेती की जाती है जहां पर कोई भी कीटनाशक दवाई का इस्तेमाल नहीं होता।

विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से किया स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन और बलिदान का चित्रण

समारोह में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपरा और शारीरिक शिक्षा पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने मलखंभ, सूर्य नमस्कार और व्यायाम के माध्यम से अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन, संघर्ष, सामाजिक सुधार के कार्यों, राष्ट्रभक्ति और बलिदान पर आधारित विशेष प्रस्तुति भी दी गई।

शक्तिपीठ मां भद्रकाली के दरबार में आकर असीम शांति और ऊर्जा की मिलती है अनुभूति : द्रौपदी मुर्मू

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शक्तिपीठ मां भद्रकाली के दरबार में आकर उन्हें असीम शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई है। यह स्थान हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का महान केंद्र है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर कुरुक्षेत्र में देशवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शक्तिपीठ के पीठ अध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने मंदिर परिसर में पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन देवी कूप पर विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने परंपरा के अनुसार पूजा की और मंदिर की परिक्रमा भी की। इसके उपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गर्भगृह में पहुंचीं, जहां उन्होंने मां भद्रकाली की विधिवत पूजा, आरती और मंत्र उच्चारण के साथ प्रार्थना की। उन्होंने माता को पंचामृत, पंचमेवा, नारियल और चुनरी का प्रसाद अर्पित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच मंदिर के पुजारियों ने देश की मंगलकामना के लिए विशेष पूजा संपन्न कराई। पूजा के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा। पूजा-अर्चना के उपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पीठ अध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने शक्ति का प्रतीक त्रिशूल, माता की प्रतिमा और चुनरी भेंट स्वरूप प्रदान की। उन्होंने माता का आशीर्वाद और प्रसाद भी राष्ट्रपति को दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंदिर में पहुंचने के बाद पीठ अध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने शक्तिपीठ की महिमा और इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है, जहां माता सती के दाएं घुटने का निपात हुआ था। यहां माता आशीर्वाद रूप में विराजमान हैं और इस स्थान के दर्शन मात्र से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महाभारत काल में पांडवों ने युद्ध से पूर्व यहां विजय की कामना के लिए पूजा की थी। इस अवसर पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, गुरु मां शिमला देवी, नरेंद्र वालिया, डॉ एमके मोदगिल, संजीव मित्तल, डॉ संजय शर्मा, सचिन गर्ग, डॉ पवन बंसल, देवी दयाल शर्मा, राजन जिंदल, दिव्यांश शर्मा, निकुंज शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दिल्ली महारैली में जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जगह-जगह रोका, महिलाओं से भरी बस भी कई घंटे रोकी

ओपन सर्च / मनदीप कुमार



सोनीपत। दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को आयोजित कांग्रेस की महारैली में शामिल होने जा रहे सोनीपत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा जगह-जगह रोके जाने का मामला सामने आया है। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने पुलिस और प्रशासन पर कार्यकर्ताओं को रैली में पहुंचने से रोकने तथा उनकी बसें जब्त करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि सोनीपत से करीब एक हजार कार्यकर्ता महारैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए थे। कमल दिवान ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सुबह 9:15 बजे बहालगढ़ रोड स्थित दिवान फार्म पर एकत्रित होने का आह्वान किया गया था। यहां से सुबह 9:30 बजे सभी को दिल्ली के रामलीला मैदान के लिए रवाना होना था। आरोप है कि रास्ते में मुरथल और सेक्टर-7 चौक सहित कई स्थानों पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं के वाहनों को रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कमल दिवान ने बताया कि वह स्वयं मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से कार्यकर्ताओं को आगे जाने देने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने दो-तीन बसों को अपने कब्जे में ले लिया। इनमें एक बस में महिलाएं सवार थीं, जिन्हें कई घंटे तक रोके रखा गया और रैली में जाने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से किसी राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होना प्रत्येक नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। महिलाओं और आम नागरिकों को इस तरह रोकना दुर्भाग्यपूर्ण है। कमल दिवान ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष की एकजुटता और जनता के समर्थन से घबराकर पुलिस-प्रशासन के माध्यम से कांग्रेस की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने से कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। सरकार कितनी भी बाधाएं खड़ी कर ले, कार्यकर्ता जनता के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे।

दिवाली पर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए किए जाएंगे स्टॉल/स्थान आवंटित : डीसी

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि दीवाली के अवसर पर जिले में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्टॉल/स्थान आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित एसडीएम/अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रीन पटाखे बेचने के इच्छुक आवेदकों से आवेदन प्राप्त करें। इसके साथ ही नगर निगम/समिति, अग्निशमन विभाग और पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करके ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए सुरक्षित और उचित स्थानों की पहचान कर उनका आवंटन किया जाए। निर्देशों में यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि पात्र आवेदकों को ग्रीन पटाखे बेचने के लिए नियमानुसार लाइसेंस जारी किए जाएं, ताकि बिक्री की प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी की जा सके। उन्होंने बताया कि दीवाली के दौरान आतिशबाजी (ग्रीन फायरवर्क्स) अज्वलनशील सामग्री के बने शेड में रखे जाएंगे, जो इस प्रकार से बंद और सुरक्षित होगा जिससे की अप्राधिकृत व्यक्तियों की उसमें पहुंच को निवारित किया जा सके। आतिशबाजी (ग्रीन फायरवर्क्स) के कब्जे और विक्रय के शेड एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर और सुरक्षित कार्य से 50 मीटर मीटर की दूरी पर होगे। शेड एक दूसरे के आमने- सामने नहीं होंगे। शेड में या शेडों की सुरक्षित दूरी के भीतर तेल से जलने वाले लैम्पों, गैर लैम्पों या खुली बतियों का उपयोग नहीं किया जाएगा। विद्युत बत्तियां यदि उपयोग की जाती है दीवार पर छत पर फिक्स किए जाएंगे। प्रत्येक दुकान के स्विचों की दिवाली पर दृढ़ से फिक्स किया जाएगा। प्रत्येक दुकान के इलेक्ट्रिक स्विचों को एक मुख्य कंट्रोल स्विच के साथ जाडने व्यवस्था की जाए। जिससे कि आपात स्थिति में / दुर्घटना की स्थिति में मुख्य कटोल स्विच को बंद करने पर उस जगह में स्थित सभी दुकानों की लाईन तुरंत बंद हो एवं दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि आतिशबाजी (ग्रीन फायरवर्क्स) की किसी शेड के 50 मीटर के प्रदर्शन अनुज्ञात नही किया जाएगा। एक समूह में 50 से अधिक दुकान अनुज्ञात नही की जाएगी। आतिशबाजी (ग्रीन फायरवर्क्स) की दुकानों के ऐसे समूह के लिए प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेंस और कम से से दो अग्निशमन वाहन होंगे, प्रमुख स्थानों पर स्थानीय भाषा में एक चेतावनी बोर्ड विस्फोटक या खतरनाक पदार्थ प्रदर्शित किया जाएगा।

बच्चों के सर्वांगीण विकास में मनोरंजन और सकारात्मक अनुभवों की अहम भूमिका : रेणु बाला गुप्ता

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि बचपन में सकारात्मक दृष्टिकोण और सही समय पर मिलने वाला ज्ञान जीवनभर की अमूल्य पूंजी बन जाता है। बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके लिए मनोरंजन, रचनात्मकता और नए अनुभवों से जुड़ने के अवसर भी जरूरी हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में उत्साह, कल्पनाशीलता और सीखने की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। महापौर रेणु बाला गुप्ता शनिवार को डॉ. मंगल सेन ऑडिटोरियम में औरा इवेंट्स की ओर से आयोजित सर्कस शो के विशेष प्रदर्शन के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। सर्कस कलाकारों के शानदार करतब, हैरतअंगेज कलाबाजियां और आकर्षक प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों की प्रतिभा ने जहां बचपन की यादें ताजा कर दीं, वहीं बच्चों के उत्साह और उनके चेहरों पर खिलती मुस्कान ने पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया।

मेहनत, प्रतिभा और सकारात्मक सोच से युवा लिखें हरियाणा की तरक्की की नई इबारत : देवेंद्र कादियान

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार



सोनीपत। हरियाणा दिवस के अवसर पर रविवार को जीटी रोड स्थित स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय हीरक जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान, सोनीपत के विधायक निखिल मदान और नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने मुख्य रूप से शिरकत की। जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को हरियाणा की गौरवशाली विरासत, विकास यात्रा और प्रदेश की उन्नति में युवाओं की भूमिका से अवगत कराया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संबोधन भी सुना। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि 1 नवंबर 1966 को अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के बाद हरियाणा ने मेहनत, प्रतिभा और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रदेश के सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, किसान देश के अन्न भंडार को समृद्ध बना रहे हैं और खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सबसे बड़ी ताकत यहां के मेहनती युवा हैं। शिक्षा, खेल, तकनीक और उद्योग सहित हर क्षेत्र में युवाओं के लिए नई संभावनाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपराध और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। मोबाइल फोन का उपयोग आवश्यक कार्यों तक सीमित रखें और पढ़ाई, खेलकूद तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान दें। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से भी बच्चों को सही दिशा देने की अपील की। विधायक निखिल मदान ने कहा कि हरियाणा को देश-विदेश में जय जवान, जय किसान और जय पहलवान की भूमि के रूप में जाना जाता है। राज्य गठन के बाद प्रदेश ने निरंतर प्रगति की है। आज हरियाणा के युवा शिक्षा, खेल, तकनीक और उद्योग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। मेयर राजीव जैन ने कहा कि प्रदेशवासियों की मेहनत, लगन और समर्पण ने हरियाणा को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया है। खेती, खेल, उद्योग और देश की सीमाओं की रक्षा में हरियाणा का योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकजुटता को बनाए रखना जरूरी है। जाति-पाति और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर हरियाणवी एकता की भावना के साथ आगे बढ़ने से प्रदेश और मजबूत बनेगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, बीईओ अनिल, एलके जैन, राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षिका सुनीता, स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एसपी सिंह, चांदकिशोर सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित हीरक जयंती समारोह में सम्मिलित हुईं

हरियाणा की धरती ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक हर क्षेत्र में दिया अतुलनीय योगदान : राष्ट्रपति

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

कुरुक्षेत्र। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को कुरुक्षेत्र, हरियाणा में राज्य के गठन के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर, उन्होंने हीरक जयंती के लोगो को भी लॉन्च किया। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में, राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति के विकास में हरियाणा के इस क्षेत्र का उल्लेखनीय योगदान रहा है। गीता का अमर संदेश इसी धरती से समस्त विश्व में फैला था। भारतीयता को गौरव प्रदान करने वाली इस पुण्य भूमि को राष्ट्रपति ने प्रणाम किया। उन्होंने भारत की प्रगति-यात्रा के अनेक आयामों में सार्थक योगदान देने वाले हरियाणा वासियों को भी बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान कृष्ण के निष्काम कर्मयोग का अमर संदेश सारे विश्व में फैलाने वाली इस धरती ने आधुनिक युग में भी मानवीय पराक्रम के अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इसकी संतानों ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर सामाजिक परिवर्तन, लोकतंत्र, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्रों में सार्थक योगदान किया है। राव तुलाराम का अदम्य साहस, दीनबंधु सर छोटूराम की किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्धता, पंडित नेकीराम शर्मा की राष्ट्रसेवा और दादा लखमीचंद की लोक-सांस्कृतिक साधना हरियाणा की अमूल्य विरासत हैं। उन्होंने कहा कि बीसवीं सदी में हरियाणा के प्रथम शहीदों में गिने जाने वाले अंबाला के कांशीराम जी सैन फ्रांसिस्को में लाला हरदयाल के साथ मिलकर गदर पार्टी स्थापित करने वालों में से एक थे। भारत लौटने के लगभग एक वर्ष बाद ब्रिटिश सरकार ने 1915 के इसी नवंबर माह में उनको फांसी दे दी थी। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में शहरों के साथ ही यहाँ के ग्रामीण क्षेत्रों ने भी बढ़-चढ़ कर सहभागिता की थी। कम उम्र की बेटियाँ भी इन आंदोलनों में खुलकर सामने आती थीं। इसी संदर्भ में एक तथ्य का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि रेवाड़ी की एक 12 वर्ष की बेटी की 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में निर्भीक सहभागिता की बात रिकॉर्डों में है। नमक कानून तोडने के लिए इस बेटी ने अपने बचपन की पूरी बचत लगाकर नमक खरीदा। प्रतिदिन दो पैसे जोडक़र उसने वर्षों में जितने पैसे जोड़े थे, वह सम्पूर्ण पूँजी उसने इस आंदोलन को अर्पित कर दी। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि इस प्रेरक प्रकरण के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र करके समाज के सामने लाया जाए। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हरियाणा की इसी धरती पर जन्मी सुचेता कृपलानी ने भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनकर नया इतिहास रचा। नवगठित हरियाणा राज्य की प्रथम विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शन्नो देवी ने लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की अग्रणी भूमिका का उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी राज्य की बेटी कल्पना चावला ने अंतरिक्ष की ऊँचाइयों तक पहुँच कर अनगिनत बेटियों के सपनों को नई उड़ान दी है। राष्ट्रपति ने महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार की सजगता और संवेदनशीलता के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि राशन डिपो के आवंटन में महिला आरक्षण, पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व और ट्रांसजेंडरों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन जैसी पहले बड़े उदाहरण हैं। महिला सशक्तिकरण के अनेक आयामों में हरियाणा ने पिछले लगभग एक दशक में विशेष प्रगति की है। जनवरी 2015 में, हरियाणा के पानीपत से ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' राष्ट्रीय अभियान शुरू किया गया था। यह अभियान महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई है।

जनसुनवाई में सवा चार घंटे तक लोगों के बीच रहे विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण,

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शनिवार को अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। करीब सवा चार घंटे तक चले इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपने-अपने गांव से जुड़ी समस्याएं एवं विकास कार्यों से संबंधित मांगें उनके समक्ष रखीं। हरविंद्र कल्याण ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया, जबकि जिन मामलों में विस्तृत जानकारी या संबंधित विभागों की कार्रवाई आवश्यक थी, उनके लिए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने और उचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनसुनवाई शुरू हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, सीवरेज, पेयजल, सामुदायिक भवनों, चौपालों और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखे। हरविंद्र कल्याण ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जनता को अपने जायज काम करवाने के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह संवेदनशीलता और तत्परता के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान करे, ताकि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के आमजन तक पहुंच सके। जनसुनवाई के दौरान बस्सी अकबरपुर में खेतों तक आवागमन सुगम बनाने के लिए नहरी विभाग की पुलिया का निर्माण करवाने, कलवेहेड़ी और अलीपुर में वाल्मीकि चौपालों के निर्माण, बजीदा में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन का कार्य पूरा करवाने तथा भोला कॉलोनी में सीवरेज और गलियों के निर्माण से संबंधित मांगें रखी गईं। इसी प्रकार डबरकी और नसीरपुर में पेयजल सुविधा के लिए ट्यूबवेल लगवाने और श्मशान घाट तक रास्ते का निर्माण करवाने, पीर बड़ौली में गलियों के निर्माण एवं लाइब्रेरी स्थापित करने तथा नसीरपुर में सैनी चौपाल के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े विषय भी उठाए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों की पूरी जानकारी लेकर प्राथमिकता के आधार पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान घरौंडा से हरिद्वार तक बस सेवा शुरू होने पर क्षेत्र के लोगों ने हरविंद्र कल्याण का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस बस सेवा से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और हरिद्वार की यात्रा पहले से अधिक सुगम होगी।

हरियाणा दिवस पर पर्यावरण समिति ने सेक्टर-13 पार्क में किया पौधारोपण : एस.डी. अरोड़ा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। 1 नवम्बर को हरियाणा प्रदेश का गठन हुआ। पर्यावरण संरक्षण समिति रजि. करनाल द्वारा हरियाणा दिवस के उपलक्ष में सैक्टर-13, के पार्क नं. 4 में पौधारोपण किया गया। जैसा कि नाम से ही प्रतीत होता है कि हरियाणा हरि का प्रदेश है और यह हरियाली का भी सुचक है। समिति सदस्यों द्वारा पार्क में कई प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। समिति द्वारा कालौनी वासियों को पौधो को सींचने एवं उनकी सुरक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति चेयरमैन एस. डी. अरोड़ा ने बताया कि करनाल शहर अब एनसीआर के सबसे अधिक प्रदुषित शहरों में शुमार हो गया है, जो कि कल तक हरियाणा का नम्बर वन शहर माना जाता था। करनाल शहर का प्रदुषण स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। यद्यपि नगर निगम शहर में स्वच्छता अभियान चला कर कुड़ा उठान का कार्य कर रहा है। लेकिन सवाल यह उठता है कि फिर भी प्रदुषण क्यों बढ़ रहा है। उन्होंने शहर वासियों से कहा कि दीवाली पर बम-पटाखे ना जलाकर पर्यावरण की रक्षा करें। समिति चीफ पैट्रन कवंल भसीन ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारी स्वच्छता के बारे मीटिंगे तो बहुत करते हैं लेकिन मिटिंग में लिए गए निर्णयों की समीक्षा नही की जाती। जिस कारण धरातल पर काम नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि हर मीटिंग में किए गए निर्णयों की अगामी मिटिंग में अधिकारियों द्वारा रिर्पोट लेनी चाहिए। जिस अधिकारी व कर्मचारी द्वारा पिछली मीटिंग में लिए गए निर्णयों के मुताबिक फील्ड में धरातल पर कार्य नहीं किया गया उनके विरूध संज्ञान लेकर नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही की जाए। केवल मीटिंग के आदेश फाईलों में दबकर रह जाते हैं, और वास्तविक काम नहीं हो पाता। समिति अनुरोध करती है कि प्रशासनिक अधिकारियों को शहर में करवाए गए वास्तविक कार्य ना होने के कारणों को देखकर शहर में बढ़ते प्रदुषण को कंट्रोल करना चाहिए। समिति का कहना है कि नगरनिगम कमिश्नर को शहर में सामाजिक संस्थाओं एवं जनमानस का सहयोग भी लेना चाहिए तभी करनाल शहर का प्रदुषण कंट्रोल किया जा सकता है। इस अवसर पर वाईस चेयरमैन राम रतन अत्री, के.एल. नारंग, बाबू राम शर्मा, एस.डी. अरोड़ा, विनोद गुप्ता, कवंल भसीन डॉ. पुष्पा सिन्हा, सरोज कथूरिया, व अर्जन देव वर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

29 वर्षों की राजकीय सेवा के बाद मुख्य शिक्षक रामकुमार सेवानिवृत्त

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। राजकीय विद्यालय फरीदपुर घरौंडा के मुख्य शिक्षक रामकुमार 29 वर्षों की गौरवशाली राजकीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय में उनके सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की और रामकुमार को सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के शिक्षक अमरदीप और हरदीप ने कहा कि आपकी सरलता, सहजता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा हमेशा हमेशा के लिए प्रेरणा देती रहेंगी। डीईओ रोहताश वर्मा ने कहा कि रामकुमार ने अपने 29 वर्षों के सेवाकाल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ शिक्षा विभाग में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनका योगदान विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ विद्यालय की उन्नति में भी महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का वास्तविक सम्मान उसके द्वारा समाज और विद्यार्थियों के जीवन में किए गए सकारात्मक बदलाव से होता है। समारोह में उपस्थित शिक्षकों प्राचार्य विनोद सैनी , दीपक जैन, दलीप सिंह, अमरदीप, हरदीप मालिक मुनीराम, नीलम, पूनम, ऊषा, नीरज, बबीता, संदीप ने रामकुमार के साथ बिताए अनुभव साझा किए और उनके स्वस्थ, सुखद एवं खुशहाल सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

सोहना में तीन को आयोजित होगा दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह : अशोक जौनापुरिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर वार्ड-दो के तहत राजोरिया कॉलोनी स्थित लोकसभा के पूर्व सदस्य चौधरी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के आवास पर 3 नवम्बर को दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह का आयोजन दोपहर बारह बजे आयोजित होगा। युवा भाजपा नेता और पूर्व सांसद पुत्र अशोक जौनापुरिया ने बताया कि आयोजन में समूचे क्षेत्र से सर्व समाज के पंच-पटेलों, सरदारों, युवा और मातृशक्ति व जेन जी उल्फा को साथियों समेत शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है। उन्होने बताया कि इस दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह में मौजूद बुजुर्गों और सर्व समाज के पंच-पटेलों, सरदारों, जनप्रतिनिधियों व मातृशक्ति का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी संगठन से जोड़े जाने और पार्टी को जमीनी स्तर पर और ज्यादा मजबूत बनाने वाले कार्य का भी शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर युवा अग्रवाल नेता दीपक गर्ग होंडा, पूर्व नगरपार्षद रोहताश जैन, लोहा कारोबारी लाला श्याम मंगला, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक मास्टर पारसनाथ जैन समेत सर्व समाज के लोग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार का सनरूफ खोलकर हुड़दंगबाजी करने वाले तीन आरोपी क्रेटा समेत गिरफ्तार

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): पुलिस ने घर के बाहर गली में सफेद रंग की क्रेटा कार का सनरूफ खोलकर तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर हुड़दंगबाजी करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 18 वर्षीय प्रवीण कुमार, 19 वर्षीय यश और 22 वर्षीय दिव्यांश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त की गई क्रेटा कार को भी बरामद कर लिया है।

पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए मनाए प्रदूषण मुक्त दीवाली : डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा का कहना है कि पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाकर सभी को जागरूकता दिखानी चाहिए। उन्होने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। यहां पर सामाजिक संस्था सोहना जागृति मंच द्वारा स्वदेशी दीवाली जागरूकता अभियान में आमंत्रितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बताया कि उन्होने क्षेत्र के लोगों विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों, महिलाओं से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

उपहार देकर मनाए खुशियों भरा त्यौहार दीवाली : भाजपा नेता पंकज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। रविवार को यहां पर श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंगला कालू के कार्यालय पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में आमंत्रितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा नेता व नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि उन्होने व्यापारी समाज से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

डीवीएम स्कूल में सरदार पटेल जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में भारत के पहले गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक हर्षित शर्मा ने बताया कि इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहनप्रकाश कौशिक ने उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल महान राष्ट्रवादी व ऐसे देशभक्त थे, जिन्होंने अपनी दृढ़इच्छा शक्ति से नए स्वाधीन भारत की नींव रखी। ऐसे महान देशभक्तों के त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वाधीनता के सभी आंदोलनों में अग्रिम पंक्ति के सेनानी बनकर भारत के भाग्य निर्णायक सिद्ध हुए। ऐसे महान देशभक्तों के जीवन मूल्यों व शिक्षाओं को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने मौजूदजनों को शपथ दिलाते हुए यह प्रण लेने का आह्वान किया कि वह शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रचनात्मक व सामाजिक कार्यों के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए हम सभी समर्पित भाव से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम देश की एकता की भावना को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर गंभीरता से प्रयास करेंगे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता व कामों द्वारा एकता की मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने के लिए हमेशा सत्यनिष्ठा से संकल्प लेते है।

लौहपुरूष नारी इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा ले : कांग्रेस नेता अनिल कोकी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कांग्रेस पार्टी के युवा नेता और स्थानीय ब्राहमण सभा के प्रधान रहे अनिल भारद्वाज कोकी ने दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल को शत-शत नमन करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी ने देश को मजबूत व दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया, जिसका लोहा पूरी दुनिया ने माना। उन्ही की नीति की वजह से हिन्दुस्तान को भारत-पाक युद्ध में बड़ी जीत मिली और दक्षिण एशिया में व्याप्त अशांति का दौर समाप्त हुआ। उन्होने श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा देश के नवनिर्माण में दिये गये योगदान का स्मरण करवाया और कहा कि श्रीमती गांधी ने उस समय देश में पहली हरित क्रांति की नींव रखी, जब भारत में खाद्यान्नों का संकट था और उपयोगी वस्तुओं के अलावा गेहूं व चावल भी आयात करने पड़ते थे।

सोहना में भाजपा नेताओं ने पदयात्रा के बहाने अपनी शक्ति का किया जमकर प्रदर्शन


ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर अपने समर्थकों के साथ रविवार को हर-हर मोदी, घर-घर मोदी के उदघोष लगाते हुए फरीदाबाद में भाजपा के झंडे तले लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल होने के लिए यहां से लंबे काफिले के साथ वाहनों में सवार होकर आज भोर सवेरे कूच कर गए है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने पदयात्रा में कूच करने से पहले कांग्रेस-इंडिया गठबंधन को घेरते हुए कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस-इंडिया गठबंधन को जीत मिल जाती है, इनकी सरकार बन जाती है, वहां यह ईवीएम सही बताते है और जहां जनता इन्हे नकार देती है, इनकी सरकार नही बन पाती, वहां पर यह कभी ईवीएम में खराबी तो कभी ईवीएम में सेटिंग, कभी वोट चोरी जैसे झूठे आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है लेकिन आज देश की जनता जागरूक हो गई है और अब इनके बहकावे में नही आने वाली है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि आज लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में मुख्यातिथि रूप में नायब सिंह सैनी और विशिष्ठ अतिथि रूप में केन्द्रीयमंत्री राव इंद्रजीत सिंह, केन्द्रीयमंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर के साथ-साथ प्रदेश के राजस्व व निकायमंत्री विपुल गोयल, खाद्य पूर्तिमंत्री राजेश नागर, खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम और गुरूग्राम व भाजपा दोनों जिलों से भाजपा विधायकों के साथ-साथ पूर्व विधायक, मौजूदा व पूर्व चेयरमैन भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा रविवार को गांव खेड़ला से अपनी अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ फरीदाबाद में आयोजित किए गए लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में कूच करने से पहले दावा किया कि जितना विकास कार्य भाजपा के राज में देश व प्रदेश में हुआ है, इससे पहले कभी नही हुआ। विकास कार्यों की बदौलत प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत हासिल कर भाजपा मतदाताओं का भरोसा जीतकर सरकार बनाने में कामयाब रही है। उन्होने कहा कि खुशी भरी बात यह है कि भाजपा सरकार कहने की बजाय करने में विश्वास रखती है और ईमानदारी से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रख सर्वजातीय समाज खासकर गरीबों व दबे-कुचले वर्गों के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर उनका दिल जीतने का काम कर रही है। इसके अलावा सोहना मार्किटकमेटी मैंबर और भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन झिरकिया, सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू, सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, गांव अलीपुर में रहने वाले सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया, भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका, भाजपा नेत्री व नगरपार्षद भारती हरसाना, हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, श्री हनुमानबगीची सुरक्षा समिति के प्रधान और भाजपा के स्थानीय नेता सेठ विजय अग्रवाल, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, यहां पर नयागांव में रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरपार्षद नारायण भड़ाना, सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन नरेन्द्र बोकन, भाजपा नेता व स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष और सराय ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी समयपाल भड़ाना, भाजपा गुरूग्राम महानगर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, भाजपा नेता व उदाका ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी गजराज लोहिया, मारूतिकुंज कॉलोनी में रहने वाले भाजपा नेता महेश यादव, राहुल यादव, भाजपा नेता पंडित मनोज भारद्वाज, भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिला मीडिया प्रभारी नरेश सैनी एडवोकेट, भाजपा किसान मोर्चा में जिला महामंत्री धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़, भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह, दमदमा मंडल अध्यक्ष जगमेन्द्र खटाना लोहटकी, ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव व राजेन्द्र सिंह बागड़ी, श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े डाक्टर सतीश जुनेजा, पूर्व नगरपार्षद व सांस्कृतिक मंच मानव संसाधन के अध्यक्ष रोहताश जैन, व्यापारी नेता व लोहा कारोबारी लाला श्याम मंगला, भाजपा सोहना मंडल के अध्यक्ष सौरभ सिंगला, बर्तन विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े गौरव सिंगला, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, अग्रवाल युवा नेता दीपक गर्ग होंडा, स्थानीय किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, नगरपार्षद नीरज सिंगला, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल, भारत रक्षा मंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव भौंड़सी, डाक्टर रतनपाल खटाना लोहटकी, सोहनाढाणी गांव में रहने वाले भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन मुकेश सैनी, युवा भाजपा नेता कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, भाजपा नेता लेखराज अपनी अगुवाई में सैकड़ों लोगों का लंबा काफिला लेकर वाहनों में सवार होकर रैली में शामिल होने के लिए गए है। सोहना के गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर सिलानिया भी वाहनों में अपने साथ लोगों को लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में लेकर गए है। इसके अलावा आर्यसमाजी नेता महाशय ज्ञानचंद मालबिया, भाजपा नेता व शिक्षाविद गंगादान डागर, नत्थूराम गुर्जर, मार्किटकमेटी के पूर्व चेयरमैन बल्ला खटाना भी पार्टी कार्यकर्ताओं व लोगों को इकटठा कर पदयात्रा में लेकर गए है। देखने वाली बात यह रही कि सोहना से पदयात्रा के लिए कूच करने से पहले उपरोक्त भाजपा नेताओं ने अपनी शक्ति का जमकर प्रदर्शन किया तो किसी ने भाजपा के निशान वाली टोपी तो किसी ने भाजपा के निशान वाले कमल के फूल छपे झंडे हाथों में उठा रखे थे।

बीस करोड़ के बकाया बिलों का एक वर्ष से नही हो रहा भुगतान : निहाल सिंह धारीवाल


ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने बताया कि ईएसआई में लालफीताशाही के चलते बजट ना होने की बात कहकर दवाईयों के पिछले एक साल से बकाया करीब 20 करोड़ के बिलों का भुगतान नही हो पा रहा है। उन्होने ईएसआईसी की कार्यप्रणाली पर व्यंग्य भरी चुटकी लेते हुए बताया कि चिंता से मुक्ति और आईपी, वीआईपी जैसे श्लोगन के जरिए बीमित कर्मचारियों को लुभाने वाले ईएसआईसी के यह श्लोगन कर्मचारियों के लिए मजाक और 'जले पर नमक छिडक़ने' वाली लोक कहावत को चरितार्थ करते सटीक बैठ रहे है। उन्होने बताया कि सोहना समेत समूचे जनपद गुरूग्राम में 20 लाख से अधिक कर्मचारी ईएसआईसी के तहत विभिन्न कम्पनियों में काम कर रहे है और यह कर्मचारी हर महीने अपने वेतन से 25 करोड़ रुपए से अधिक का अंशदान राज्य कर्मचारी बीमा निगम में माहवार जमा करा रहे है। इसके बावजूद कर्मचारियों को जरूरत के वक्त ना तो ईएसआई डिसपेंसरियों में सभी दवाईयां मिल पा रही है। मजबूरी में कर्मचारियों को निजी मेडिकलस्टोर से दवाईयां खरीदनी पड़ रही है तो निजी मेडिकलस्टोरों से खरीदी गई इन दवाओं की एवज में ईएसआई में दिए गए बिलों का भुगतान भी करीब डेढ़ साल से करने की बजाय आज भी अधर में लटका हुआ है। समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने बताया कि सूत्रों की माने तो गुरूग्राम सर्कल में कर्मचारियों के करीब 20 करोड़ रुपए वाली रकम के बिल बकाया चले आ रहे है। इन बकाया बिलों के भुगतान के लिए कर्मचारी रोजाना डिसपेंसरियों के चक्कर लगा रहे है, जिसमें उनका आवाजाही में पैसा और वक्त दोनों ज्यादा बर्बाद हो रहे है लेकिन उन्हे इन बिलों का भुगतान की बजाय बजट ना आने की बात कहकर टरकाया जा रहा है। समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने बताया कि सोहना समेत समूचे जनपद में ईएसआईसी की 20 से ज्यादा डिसपेंसरियां है, जिनमें कई महीनों से महंगी दवाओं का स्टॉक उपलब्ध ही नही है। ऐसे हालातों में दवाईयां ना होने के कारण ईएसआईसी डिसपेंसरी के कर्मचारी मरीजों की पर्ची पर एनए यानी नोट अवेलेबल लिख रहे है। जिसके बाद मरीजों को संबंधित दवाईयां निजी मेडिकलस्टोरों से खरीद कर खरीदी गई दवाओं के बिल डिसपेंसरी में जमा कराने पड़ते है और जमा किए गए दवाओं के इन बिलों का ईएसआईसी की तरफ से बजट मिलने पर भुगतान किया जाता है लेकिन लम्बे समय से बजट ही जारी ना होने के कारण इन बिलों का भुगतान आज भी अधर में लटका हुआ है। समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने बताया कि ईएसआईसी का गुरूग्राम सर्कल गुरूग्राम के साथ-साथ नूंह, रेवाड़ी, नारनौल, बहादुरगढ़ और झज्जर समेत आधा दर्जन जिलों को कवर करता है लेकिन पिछले करीब डेढ़ वर्ष से बजट ना आने के चलते करीब बीस करोड़ से ज्यादा की रकम की दवाईयों के बिलों का भुगतान आज भी अधर में लटका हुआ है। नाम व पहचान का खुलासा ना किए जाने की शर्त पर कई अधिकारियों ने बकाया राशि 150 करोड़ रुपए से ज्यादा होने का खुलासा किया है जबकि अकेले गुरूग्राम सर्कल के स्तर पर करीब 20 करोड़ रुपए के बकाया बिलों का आंकड़ा बताया गया है।

हरियाणा के निर्माता रहे जननायक चौधरी देवीलाल : इनेलो नेता रोहताश खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय चौटाला के निर्देश पर क्षेत्र व जिले में इनेलो पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए जल्द ही दस-दस बूथों पर एक जोन अध्यक्ष नियुक्त किए जाने वाली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की बधाई देते हुए जननायक चौधरी देवीलाल को हरियाणा का निर्माता बताया और कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाकर सरकार में आने पर ज्यो का त्यो लागू करना इनेलो का मूल उददेश्य है। उन्होने यह भी दावा जताया कि सही मायने में आज इनेलो ही सजग व मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रही है। खुशी की बात यह है कि पार्टी आलाकमान ने गुरूग्राम, मेवात, फरीदाबाद और पलवल जिलों में बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के युवा विधायक आदित्य देवीलाल को सौंपी है। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि म्हारी माटी-म्हारी बोली, म्हारा स्वाभिमान, देशी ठाठ और ऊंची उड़ान हर हरियाणवी की पहचान है। उन्होने रविवार को यहां पर पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए बताया कि जननायक चौधरी देवीलाल वर्ष-1977-1979 और वर्ष-1987-1989 तक मुख्यमंत्री रहे तो वर्ष-1989 से 1998 तक चौधरी ओमप्रकाश चौटाला मुख्यमंत्री रहे और चौटाला के आशीर्वाद से ही बनारसीदास गुप्ता और मास्टर हुकम सिंह भी मुख्यमंत्री बने। इसके बाद इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला फिर से वर्ष-1999 से 2005 तक मुख्यमंत्री रहे और अहम बात यह है कि हरियाणा का 5 बार सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री बनने का श्रेय ओमप्रकाश चौटाला को जाता है तो जननायक चौधरी देवीलाल के नेतृत्व में गठबंधन की जीत के बीच रिकार्ड 48 सीटें जीतने का श्रेय जननायक चौधरी देवीलाल के नाम है। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि हरियाणा की राजनीति में वर्ष-1987 का विधानसभा चुनाव आज भी ऐतिहासिक और यादगारी चुनाव से कम नही है। सतलुज यमुना लिंक नहर समेत विभिन्न मुददों को लेकर जननायक चौधरी देवीलाल ने उस वक्त हरियाणा संघर्ष समिति बनाई और न्याय युद्ध के जरिए पूरे राज्य में आंदोलन चलाया। लोगों से जुड़ाव के चलते उन्होने एक नोट-एक वोट देने का आग्रह किया। वर्ष-1986 में रास्ता रोको आंदोलन और जींद रैली ने हरियाणा के राजनीतिक माहौल को नई दिशा देने का काम किया। उन्होने बताया कि वर्ष-1987 के विधानसभा चुनावों में जननायक चौधरी देवीलाल के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 90 में से रिकार्ड 85 सीटें जीतकर हरियाणा के इतिहास में एक नया ही इतिहास रचा था और दूसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उनके बनाए गए इस रिकार्ड को भाजपा-कांग्रेस समेत आज तक कोई भी पार्टी राज्य में नही तोड़ पाई है। उन्होने यह भी बताया कि जननायक चौधरी देवीलाल वर्ष-1989 में राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हुए और खुद को प्रधानमंत्री पद के लिए चुने जाने के बावजूद उन्होने त्याग की मिसाल कायम करते हुए अपना प्रधानमंत्री पद का ताज वीपी सिंह के सिर पर पहना दिया तथा खुद उपप्रधानमंत्री बने जबकि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने हरियाणा में मुख्यमंत्री पद की कमान संभाली।

सोहना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महारैली कूच के बहाने किया शक्तिप्रदर्शन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। कांग्रेस पार्टी के झंडे तले रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत आयोजित की गई 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में जाने के बहाने क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया। अहम बात यह रही कि रविवार की भोर सवेरे कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों से जुड़े स्थानीय नेताओं की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ता 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में शामिल होने के लिए सोहना से कूच कर गए है। देखने वाली बात यह रही कि गांव घाटाअमीरपुर में रहने वाले हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी चौधरी महेश घोडारोप गांधी टोपी पहने भोर सवेरे अपनी अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारों के बीच यहां से रामलीला मैदान महारैली ले गए है तो युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव भी यहां पर गांव बालूदा से अपनी अगुवाई में गांधी टोपी पहनकर बड़ी तादाद में युवा कार्यकर्ताओं के लंबे काफिले के साथ आज भोर सवेरे यहां से रामलीला मैदान में आयोजित की गई महारैली में लेकर गए है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया तथा युवा कांग्रेस नेता मनदीप खटाना दमदमिया की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता रामलीला मैदान में आयोजित की गई महारैली में शामिल होने के लिए दिल्ली गए है। इसके अलावा यहां पर गांव दमदमा के रहने वाले और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में राज्य प्रवक्ता चौधरी मनीष खटाना दमदमिया भी कई सैकड़ों कार्यकर्ताओं को अपने साथ लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की गई रैली के लिए कूच कर गए है तो वही सोहना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया भी सैकड़ों वाहनों में हजारों कार्यकर्ताओं को अपनी अगुवाई में दिल्ली रामलीला मैदान में कांग्रेस के झंडे तले आयोजित की गई 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में लेकर गए है। इतना ही नही युवा कांग्रेस के प्रदेशमहासचिव कुलदीप गुर्जर रामगढ़ भी अपनी अगुवाई में बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को इस रैली में ले गए है तो सोहना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे डाक्टर शमसुदीन एडवोकेट और सोहना विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शाहीन शम्स भी सोहना में पहाड़ ऊपर गांवों से कई हजार ग्रामीणों को अपनी संयुक्त अगुवाई में इस रैली में साथ लेकर गए है। यहां पर गांव तिगरा में रहने वाले युवा कांग्रेस के जुझारू नेता मोहित तंवर एडवोकेट भी सैकड़ों युवाओं को भोर सवेरे जलपान के साथ-साथ भोजन के पैकिट उपलब्ध कराने के साथ ही अपनी अगुवाई में दिल्ली रैली में लेकर गए है तो बंधवाड़ी गांव में रहने वाले युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज बंधवाड़ी भी अपनी अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं को रैली में ले गए है। सोहना में डाक्टर भीमराव अंबेडकर समिति में उपाध्यक्ष तथा भारतीय सेना से सेवानिवृत और अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश उपचेयरमैन तथा पलवल जिलाप्रभारी कैप्टन शीशपाल रूहेला भी अपनी अगुवाई में क्षेत्र से बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में शामिल होने के लिए रामलीला मैदान में आयोजित की गई महारैली में अपने साथ लेकर गए है तो कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट भी बड़ी तादाद में आज युवाओं को यहां से रैली में शामिल होने के लिए अपने साथ लेकर गए है। इतना ही नही कांग्रेस पार्टी में प्रदेश कार्यकारिणी मैंबर नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, कुंवर हरिओम सिंह छोकर, राकेश शर्मा साचौलिया, नौरंग खटाना बेरका की अगुवाई में बड़ी तादाद में कार्यकर्ता उनके साथ सोहना से रामलीला मैदान में आयोजित की गई महारैली में शामिल होने गए है। इतना ही नही कांग्रेस नेता व शिक्षाविद सचिन लोहिया, कांग्रेस नेता नौरंग खटाना बेरका, युवा कांग्रेस नेता लोकेश खटाना बेरका भी अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सोहना से दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की गई 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में शामिल होने गए है। यहां से कूच करने से पहले मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच बोलते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी चौधरी महेश घोडारोप समेत उपरोक्त नेताओं ने दावा जताया कि आज देश व प्रदेश में भाजपा विरोधी और कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त लहर चल रही है। देश और प्रदेश की जनता भाजपा की दोगली नीतियों और झूठे वादों से परेशान आ गई है। वही भाजपा ने अप्रत्यक्ष रूप में चुनावआयोग के साथ मिलकर वोट चोरी कर हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में सरकार बना ली।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ" पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब : भाजपा नेता राकेश जैन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान से लौटकर बताया कि रविवार को केन्द्रीयमंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह और केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर तथा उद्योगमंत्री राव नरबीर सिंह, खाद्य पूर्तिमंत्री राजेश नागर, खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम, भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर, भाजपा विधायक मुकेश शर्मा और पार्टी संगठन में प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, गुरुग्राम भाजपा जिला प्रभारी संदीप जोशी समेत सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर, भाजपा में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका, भाजपा में सोहना मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, चौधरी सुखराम डाडोलिया, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष तथा सराय ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी समयपाल भड़ाना, सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन, भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना, अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल, सोहना अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, भाजपा नेता मनोज भारद्वाज एडवोकेट, भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन मुकेश सैनी, भाजपा नेता चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया और भाजपा में पार्टी के इन दोनों जिलों के प्रमुख नेता भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान, जनविश्वास और जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कांग्रेस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे संवेदनशील विषय को लेकर जनता में भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर तथ्यपरक और जिम्मेदार राजनीतिक संवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सुशासन और जनहित के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित है। संगठन का उद्देश्य जन-जन तक विकास और सुशासन की योजनाओं की जानकारी पहुँचाना तथा जनता से निरंतर संवाद बनाए रखना है।

सोहना में अहोईअष्टमी का त्यौहार महिलाओं ने पूरी उमंग, हर्षोल्लास के बीच धूमधामपूर्वक मनाया





ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। अपने लाडलों की लंबी उम्र के लिए यहां पर रविवार को महिलाओं ने पूरे दिन अहोईअष्टमी का निर्जल व्रत रखा। व्रत को लेकर महिलाएं बाजारों में अहोई की माला में डालने के लिए मोती की खरीददारी करती दिखाई पड़ी। देखने में आया कि अहोईअष्टमी के उपलक्ष्य में आज यहां पर गल्र्ज स्कूल के सामने वाली गली में स्थित मदन चौहान, देविन्द्र चौहान, हर्ष चौहान की दुकानों पर मेहंदी रचवाने व सौन्दर्य प्रसाधन खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। यहां पर वार्ड-21 में रहने वाली आरती सैनी, सुनीता सैनी, ललिता, मुस्कान, सेवा देवी, मेवा देवी, मुन्नी देवी, तारावती, प्रेम देवी, शिल्पा देवी, रवीना, दीपा, नेहा देवी, सोनिया, संतोष, तनु, वंदना, ज्योति, सुनीता और रेणू सैनी धर्मपत्नी नवीन सैनी आदि महिलाओं ने बताया कि प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यह व्रत बेटे की मां ही रख सकती है क्योंकि इस व्रत को बेटे की लंबी आयु के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर चांद तो कई स्थानों पर तारें देखकर व्रत खोला जाता है। यहां पर वार्ड-5 में रहने वाले पंडित भगवतदयाल शर्मा और खंड के गांव खेड़ला में रहने वाली पंडिताईन अंजलि शर्मा ने बताया कि तारें देखने के बाद इस व्रत का पूजन शुरू होता है। कथा सुनी जाती है। जब चांद निकलता है, तब उसे अघ्र्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। कई स्थानों पर तारों को अघ्र्य देकर भी व्रत का पारायण किया जाता है। सबकी अपनी मान्यताएं होती है। अहोईअष्टमी के लिए मोती खरीद रही डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा की धर्मपत्नी व स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर अनु नागपाल गिरोत्रा, गांव मेहन्द्रवाड़ा की मोनिका धारीवाल, गांव रायसीना की निर्मला देवी यादव, दमदमाढाणी की रहने वाली बीरवती खटाना, मनीषा अग्रवाल, सोहनाढाणी गांव की नंबरदारनी कविता सैनी, शिक्षाविद डाक्टर भारती लोहिया, रोशनी भारद्वाज, निर्मला खटाना, डाक्टर पलक वर्मा आदि ने बताया कि आज के दिन अहोईअष्टमी पर इस व्रत को करने से बेटे दीर्घायु के साथ तेजस्वी व यशस्वी भी होते है। इसलिए वह प्रत्येक वर्ष पूरी आस्थापूर्वक इस व्रत को रखती है। एक बुजुर्ग महिला वेदकला शर्मा, पंडिताईन हेमलता वशिष्ठ का कहना है कि यह व्रत कठिन जरूर होता है लेकिन बेटे की मंगलकामना के आगे यह कुछ भी नहीं है। इस व्रत में माता को अपने हाथों पर मेहंदी लगवाना भी अत्यंत अच्छा शगुन माना जाता है। इसी तरह यशोदा गुप्ता, सविता बेदी की भी व्रत के प्रति असीम आस्था है।

उन्होंने बताया कि वह इस दिन शाम से ही पकवान बनाना शुरू कर देती है। आज के दिन बेटों की पसंद के भोजन के साथ खीर भी अवश्य बनाती है क्योंकि खीर इस व्रत का प्रसाद होता है। उसी से चांद को भोग लगाया जाता है।

उपहार देकर मनाए खुशियों भरा त्यौहार दीवाली : समाजसेवी दीपक गर्ग



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा भाजपा नेता तथा सांस्कृतिक मंच मानव संसाधन के उपाध्यक्ष दीपक गर्ग होंडा ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। उन्होने बताया कि उन्होने व्यापारी समाज से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

अहोईअष्टमी पर सेब से तिगुणे दामों पर बिके सिंघाड़े और सिंगरी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): अहोईअष्टमी के त्यौहार पर रविवार को स्थानीय बाजारों में सिंघाड़ा, सिंगरी, मूली और लंबे बैंगन बेचने वालों ने जमकर चांदी कूटी तो सिंगरी बेचने वाले विक्रेताओं ने सिंगरी बेचने के नाम पर ब्लैक करते हुए जमकर नोट बटोरे। देखने में आया कि बाजार में आज सेब 40 रुपए प्रति किलो पर बिका तो सिंघाड़े और सिंगरी 100 रुपए प्रति किलो तथा लंबे बैंगन व मूली 60 रुपए प्रति किलो बेचकर दुकानदारों ने जमकर चांदी काटी। इतना ही नही किसी भी सब्जी विक्रेता की दुकान पर सिंगरी ना होने तथा 2 ही हाथरेहडिय़ों पर सिंगरी होने के चलते पूजा के लिए सिंगरी खरीदने हेतू इन दोनों रेहडिय़ों पर ग्राहकों की लंबी लाइन नजर आई। ऐसे में इन दोनों सिंगरी विक्रेताओं ने 15 रुपए की 100 ग्राम और 100 रुपए किलो के हिसाब से सिंगरी बिक्री करते हुए जमकर नोट बटोरे। बाजार में सिंघाड़ें, सिंगरी, मूली और लंबे बैंगन खरीदने आए लोगों ने बताया कि पूजा के लिए उपरोक्त सामान खरीदना जरूरी है। उसी का फायदा उठाते हुए दुकानदारों ने सिंघाड़ा, सिंगरी, मूली और लंबे बैंगन के साथ-साथ सिंगरी विक्रेताओं ने सिंगरी बेचने के नाम पर मुंहमांगे दाम वसूल कर चांदी कूटने में कोई कसर नही छोड़ी।

सोहना के मृत्युंजय क्षेत्र स्थित शनि मंदिर में आज होगा भंडारा : चेयरमैन सुभाष बंसल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने बताया कि सोहना शहर में पलवल रोड स्थित श्री संकटमोचन शनि महामृत्युजंय क्षेत्र शनि मंदिर धाम में हरियाणा दिवस व श्री श्री 1008 बाबा प्रकाशगिरी जी महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में महंत मुख्त्यापुरी जी महाराज के सानिध्य में शनिमंदिर धाम में रात्रि वक्त में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। आयोजन से जुड़े शौकीनपुरी महाराज, चेयरमैन सुभाष बंसल, मार्किटकमेटी चेयरमैन दयाराम लोहिया, उपचेयरमैन अशोक बंसल, युवा समाजसेवी बिजेन्द्र सैनी, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, दीवान चंद सैनी, इंजीनियर कृष्ण सैनी ने रविवार को बताया कि सोमवार, 2 नवंबर को विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर हवन-यज्ञ, सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन में क्षेत्र व आसपास इलाके के साथ-साथ कई सूबों से संत-महात्मा शिरकत करेंगे। इस मौके पर आयोजित होने वाले संत सम्मेलन में मौजूद संत-महात्माओं को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया जाएगा। उन्होने बताया कि आयोजन को कामयाब बनाने के लिए श्रद्धालु अपने स्तर पर खुद ही दायित्व संभाले हुए है और अन्य लोगों को भी कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दे रहे है।

विवेक भारती विद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लाक के आदर्श गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में भारत के पहले गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने इस मौके पर मौजूद सभी शिक्षकों और कर्मचारियों व विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एक ओर जहां आजादी के आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभाई थी, वहीं दूसरी ओर स्वतंत्रता के बाद फैली छोटी-छोटी रियासतों को एक करने का बड़ा व जटिल काम भी उनके द्वारा किया गया। वे राष्ट्रीय एकता के पक्षधर रहे और आज उनकी जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया है। इस मौके पर मौजूद शिक्षकों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने, देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की शपथ ली। विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने कहा कि वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्रवाद तथा देशभक्ति दो ऐसे गुण थे, जिनसे वे रियासतों में बंटे हिंदुस्तान को एक सूत्र में पिरोने में सफल हुए। उन्होंने शांतिपूर्वक 540 से अधिक रियासतों को आजादी के पश्चात हिंदुस्तान में शामिल किया।

सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा ले : सरपंच सुरज्ञान सिंह

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव नयागांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर कई तरह के कार्यक्रम किए गए। उपस्थितों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा उनके विचारों के बारे में अवगत कराया गया और मौजूदजनों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह ने कहा कि यह दिन हमें देश के महान लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की उपलब्धियों से परिचित कराता है। उन्होने सरदार पटेल की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर सिलसिलेवार प्रकाश डालते हुए बताया कि पाकिस्तान-भारत के बीच बंटवारे के बाद सरदार पटेल ने किस प्रकार 554 रियासतों को भारत में विलय कराने में अहम भूमिका निभाई थी और इन रियासतों में बंटे देश को एकता के सूत्र में बांधने में कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया था। देश का राजनीतिक व भौगोलिक एकीकरण सरदार पटेल की असाधारण उपलब्धि थी, जिसे देश के लोग आज भी याद करते है।

पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए मनाए प्रदूषण मुक्त दीवाली : भाजपा नेता योगी राघव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना के गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव का कहना है कि पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाकर सभी को जागरूकता दिखानी चाहिए। उन्होने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। भाजपा नेता योगी राघव खेड़लिया ने बताया कि उन्होने क्षेत्र के लोगों विशेषकरप युवाओं और विद्यार्थियों, महिलाओं से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

शिवनगरी में वाहन खरीदने के लिए खरीददार बेसब्री से कर रहे धनतेरस का इंतजार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को धन त्रयोदशी यानि धनतेरस के रूप में मनाए जाने के चलते यहां पर 4 पहिया वाहन बुकिंग कराने वाले ग्राहक अब बुक किए गए वाहनों को धनतेरस वाले दिन ही खरीदने के लिए आतुर नजर आ रहे है। खुशी की बात यह है कि यहां पर गांव अलीपुर के समीप स्थित वाहनों के बड़े शोरूम जेएमवी हुंडई में धनतेरस पर 4 पहिया वाहन यानि गाडिय़ां खरीदने के लिए आने वाले ग्राहकों का स्वागत-सत्कार करने के लिए अभी से जोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। जेएमवी हुंडई के एमडी हरीश घई का कहना है कि ग्राहक देवता का रूप है। धनतेरस वाले दिन गाड़ी खरीदने के लिए आने वाले प्रत्येक ग्राहक का शोरूम में आने पर सबसे पहले पहले रोली का टीका लगाकर तिलक करते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत होगा। हर ग्राहक के सम्मान में उस दिन शोरूम में मौजूद बैंड-बाजे वाले स्वागत में बैंड-बाजा बजाकर खुशियों को सांझा करेंगे। इस दिन शोरूम में विशेष साज-सज्जा, सजावट देखने लायक नजर आएगी। जेएमवी हुंडई में धनतेरस पर आने वाला प्रत्येक ग्राहक खुद को गौरान्वित महसूस करेगा। जेएमवी हुंडई के एमडी हरीश घई ने बताया कि इस वर्ष 6 नवम्बर को धनतेरस पर्व मनेगा। इस दिन लोग मां लक्ष्मी, गणेश और कुबेर आदि का पूजन कर उन्हे पूरे वर्ष घर में धन-धान्य बने रहने की कामना करते है। सही मायने में धनतेरस का पर्व विशेष धनागमन व पूजन के लिए ही है और धनतेरस वाले दिन गाडिय़ों की खरीद के साथ-साथ कोई भी नया सामान खरीदने के लिए पूरा दिन शुभ मुहुर्त होता है। उन्होने बताया कि पहले जीएसटी सुधार वाली घोषणा लागू होने और फिर पितृपक्ष की वजह से मंदे की मार झेल रहे वाहन बाजार को त्यौहारी सीजन में रफ्तार मिलनी शुरू हो गई है। वाहनों पर जीएसटी दरें कम किए जाने से वाहनों की बुकिंग में भी तेजी देखी जा रही है। यहां पर गांव अलीपुर के समीप स्थित वाहनों के बड़े शोरूम जेएमवी हुंडई के एमडी हरीश घई ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी में सुधार की घोषणा की थी। तभी से जीएसटी में किए गए बदलाव से लोगों ने 4 पहिया वाहनों की खरीददारी कुछ समय के लिए टाल दी लेकिन धनतेरस और दीवाली नजदीक आते देख वाहन बुकिंग में उछाल नजर आ रहा है क्योकि वाहनों पर घटाई गई जीएसटी की दरें प्रभावी हो गई है। वाहनों के शोरूमों पर लोगों की भीड़ नजर आ रही है। ऐसे में उम्मीद है कि धनतेरस से लेकर दीवाली तक इस बार वाहनों की बंपर बिक्री हो सकती है। होंडा कंपनी के स्थानीय वाहन विक्रेता दीपक गर्ग होंडा ने बताया कि इस त्यौहारी सीजन में उनके यहां दोपहिया वाहन बुक कराने के लिए लोगों की भीड़ लगी है।

गरीब, अनाथ, बेसहारा बच्चों में मिठाई व प्यार बांटकर मनाए दीपावली का त्यौहार : मामराज डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान व शिक्षाविद चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। यहां पर रविवार को गांव घामडोज में ग्रामपंचायत की पूर्व महिला सरपंच श्रीमती निर्मला देवी के आवास पर आयोजित किए गए दीवाली मिलन समारोह में आमंत्रितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा नेता और सोहना प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान व शिक्षाविद चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। उन्होने लोगों से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

सोहना में 340.78 करोड़ से बनेगा 6 लेन ऐलिवेटेड़ कारिडोर : भाजपा नेता दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सोहना में 340.78 करोड़ की लागत से 6 लेन वाला 2.75 किलोमीटर लंबा ऐलिवेटेड़ कारिडोर बनाए जाने वाली योजना को मंजूरी दिए जाने पर खुशी जताई है और भाजपा राज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए गए इस निर्णय को सोहना क्षेत्र की जनता के लिए दीवाली से पहले ही मोदी सरकार का दिया गया यादगारी और चिरस्थाई उपहार बताया है। इस उपहार के लिए भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने क्षेत्र की तरफ से केन्द्रीय सडक़ परिवहनमंत्री नितिन गडक़री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार जताते हुए बताया कि इस लेन वाले ऐलिवेटेड़ कारिडोर के बनने पर जहां ग्लोबलसिटी गुरूग्राम से बाया सोहना, नूंह के बीच सिग्नल फ्री सफर और ज्यादा आरामदायक बनेगा, वही वक्त की बर्बादी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ-साथ सोहना के गांव अलीपुर से शुरू किए गए दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे और केएमपी से भी बेहतर कनेक्टिविटी होगी। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि केवल सोहना ही नही अगल-बगल में साथ लगते गुरूग्राम व नूंह के सफर को और ज्यादा सुगम बनाने तथा सोहना में यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने में यह परियोजना अहम भूमिका निभाएगी। उन्होने बताया कि सोहना चौक पर एनएच-919 और एनएच-248ए के चौराहे पर 2.75 किलोमीटर लंबा 6 लेन का ऐलिवेटेड़ कारिडोर बनाया जाएगा और इस ऐलिवेटेड कारिडोर के निर्माण पर 340.78 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। खुशी की बात यह है कि इस परियोजना के पूरा होने पर गुरूग्राम से बाया सोहना, मेवात, नूंह की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को सोहना में व्यस्ततम चौराहों पर बार-बार लगने वाले जाम में फंसने और रूकने की परेशानी से राहत मिलेगी। अहम बात यह है कि प्रस्तावित ऐलिवेटेड़ कारिडोर को इस तरह विकसित किया जाएगा कि गुरूग्राम-नूंह के बीच लम्बी दूरी तय करने वाले वाहनों को स्थानीय यातायात को क्रास यातायात से पूरी तरह अलग रखा जा सके ताकि वाहन बिना सिग्नल पर रूके और बिना किसी जाम में फंसे लगातार निकल सके। भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि अभी सोहना में चौक पर स्थानीय वाहनों और हाईवे से निकलने वाले वाहनों के यातायात का दबाव बहुत ही ज्यादा रहता है। जिससे दिन में कई-कई बार जाम के हालात नजर आते है। कारिडोर बनने पर वाहन चालकों को जाम की समस्या से पूरी तरह निजात मिलेगी तो वही इस परियोजना का लाभ केवल सोहना, गुरूग्राम और नूंह के बीच आवागमन करने वाले वाहन चालकों व लोगों को ही नही मिलेगा बल्कि सोहना के गांव अलीपुर से शुरू किए गए दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे यानी डीएमई और कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे यानी केएमपी से जुडऩे वाले वाहन चालकों को भी मिलेगा। बेहतर कनेक्टिविटी से समूचे क्षेत्रों में मालवाहक वाहनों और अन्य वाहनों का यातायात आवागमन बहुत ही सुगम और आरामदायक होगा। भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर और सोहना के साथ तेजी से उभर रहे ग्रेटर सोहना, नूंह-मेवात क्षेत्रों में भी तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण, वाहनों की संख्या में दिनोंदिन तेजी से हो रही वृद्धि और भविष्य की यातायात जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह परियोजना इन क्षेत्रों के साथ-साथ समूचे एनसीआर क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योकि इस ऐलिवेटेड़ कारिडोर के बनने पर एनएच-248ए की यातायात क्षमता बढऩे के साथ-साथ शिवनगरी सोहना समेत आसपास क्षेत्रों में सडक़ नेटवर्क सम्पर्क बहुत ही बेहतरीन तरीके से जबरदस्त मजबूत होगा।

दीपावली का त्यौहार गरीब, अनाथ, बेसहारा बच्चों में मिठाई व प्यार बांटकर मनाए : डाक्टर प्रवीण यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर खेलस्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। उन्होने लोगों से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए मनाए प्रदूषण मुक्त दीवाली : कांग्रेस नेता चौधरी महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता




सोहना। यहां पर गांव घाटाअमीरपुर में रहने वाले हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप का कहना है कि पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाकर सभी को जागरूकता दिखानी चाहिए। उन्होने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। युवा कांग्रेस में हिमाचलप्रदेश के प्रभारी शुभम चौधरी के कार्यालय पर मौजूद जेन जी उल्फा युवाओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि उन्होने क्षेत्र के लोगों विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों, महिलाओं से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो।

हरियाणा की 60 वर्षों की विकास यात्रा प्रदेश की मेहनत, संघर्ष और गौरवशाली विरासत का प्रतीक : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि हरियाणा के छह दशकों की विकास यात्रा, ऐतिहासिक उपलब्धियों और समृद्ध लोक परंपराओं को उत्सव के रूप में मनाने के लिए रविवार को प्रशासन की ओर से सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद सभागार (जॉन हॉल) में हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि इस समारोह में गुरुग्राम नगरनिगम की मेयर राजरानी मल्होत्रा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होने बताया कि इस मौके पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला तथा डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, परंपराओं और गौरवशाली विरासत की मनमोहक झलक देखने को मिली। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि इस मौके पर मुख्यातिथि मेयर राजरानी मल्होत्रा ने दीप प्रज्ज्वलित करने उपरांत अपने संबोधन में प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस एवं हीरक जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा ने बीते 60 वर्षों में विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में प्रदेश ने अपनी विशिष्ठ पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की असली ताकत यहां के मेहनतकश किसान, जवान, खिलाड़ी और कर्मठ नागरिक हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में रची-बसी लोक संस्कृति, परंपराएं और सामाजिक मूल्य हमारी अमूल्य धरोहर हैं। नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और ऐतिहासिक विरासत से जोडऩा समय की आवश्यकता है। हीरक जयंती जैसे आयोजन ना केवल हमारी उपलब्धियों का उत्सव हैं, बल्कि आने वाली पीढिय़ों को प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने का भी सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने प्रदेश की एकता, समरसता और विकास की भावना को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। समारोह में कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय हीरक जयंती समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिसके माध्यम से उपस्थित लोगों ने राज्य स्तरीय आयोजन की गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सीधा अवलोकन किया। वही गुरुग्राम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा के सिनेमाई सफर पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। हरियाणवीं कलाकार मोंटी शर्मा के ग्रुप द्वारा रागनी, लोकगीतों तथा देव समाज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक हरियाणवी लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति से रूबरू कराया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभागार में हरियाणवी रंग और उत्सव का माहौल बना दिया। आयोजन स्थल पर हरियाणा के नक्शे और हीरक जयंती की थीम पर आधारित आकर्षक रंगोली भी बनाई गई, जो समारोह का विशेष आकर्षण रही।

200 करोड़ के निर्माण कार्यों पर बीस नवम्बर तक के लिए लगी रोक : प्रताप खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव रिठौज में रहने वाले पर्यावरणप्रेमी चौधरी प्रताप खटाना रिठौजिया ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के 20 नवम्बर तक पूरे एनसीआर क्षेत्र में धूल पैदा करने वाले सभी प्रकार के निर्माण और तोडफ़ोड़ कार्यों पर लगाए गए प्रतिबंध के चलते सोहना समेत मिलेनियमसिटी में 200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 100 से ज्यादा निर्माण कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इससे विकास कार्य प्रभावित होंगे। उन्होने बताया कि जारी किए गए आदेशों के दायरे में निजी निर्माण परियोजनाओं के साथ-साथ सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य भी आएंगे और बड़े बिल्डरों के चल रहे तमाम प्रोजेक्ट, व्यावसायिक इमारतों, आवासीय सोसायटियों के निर्माण कार्य बंद रहने के साथ-साथ निर्माण सामग्री की ढुलाई, भारी खुदाई और धूल उड़ाने वाली अन्य गतिविधियों पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। पर्यावरणप्रेमी चौधरी प्रताप खटाना रिठौजिया ने बताया कि इस दौरान रेलवे, मेट्रो, हवाई अडडे, अस्पताल, जलापूर्ति और स्वच्छता से जुड़ी परियोजनाओं पर काम जारी रहेगा। उन्होने बताया कि प्रतिबंधों को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और निकाय विभाग के अधिकारियों पर आधारित 8 टीमें बनाई गई है, जो संयुक्त रूप से पल-पल की निगरानी करेगी। इतना ही नही सोहना-भौंडसी-बादशाहपुर समेत समूचे एनसीआर क्षेत्र में किसी भी तरह के पटाखों के निर्माण, बिक्री, उपयोग और जलाने पर भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए है और सामान्य पटाखों, लडिय़ों के इस्तेमाल पर पूरे साल प्रतिबंध रहेगा।

सोहना में तेजरफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा-छह घायल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर तेजरफ्तार में बेलगाम दौड़ रही एक स्कार्पियो गाड़ी ने आगे जा रहे एक ई-रिक्शा में टक्कर दे मारी। अचानक टक्कर लगने से ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा स्कार्पियो की टक्कर की मार ना सहते हुए असंतुलित होकर सडक़ किनारे पलट गया। हादसे में सवारी उसी के नीचे दब गई। ई-रिक्शा के नीचे दबी सवारियों की चीख-पुकार सुन आते-जाते लोगों ने जैसे-तैसे ई-रिक्शा के नीचे दबे लोगों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया। यह हादसा सोहना शहर में गांव खाईका के समीप उस वक्त हुआ, जब अचानक एक स्कार्पियो गाड़ी तेजरफ्तार में बेलगाम दौड़ते हुए आई और ईको में जोरदार टक्कर मार भाग निकली। टक्कर लगने से ई-रिक्शा सडक़ किनारे पलट गया। ई-रिक्शा में बैठे लोग उसी के नीचे दब गए। घायलों की पहचान दुलीचंद, रोहित, बीर सिंह, गुडडी, रज्जो और सुभाष के रूप में हुई है।

केन्द्रीय वन पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव से मिले शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन-दी बधाई

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन आज केन्द्रीय वन व पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव से मिले और उन्हे बुक्के साथ बधाई देते हुए धनतेरस, दीवाली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज आदि पर्वों की अग्रिम बधाई दी और अपने हाथों से उन्हे मिठाई खिलाई। केन्द्रीय वन व पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव भी इस मौके पर पीछे ना रहे और सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र बोकन की अगुवाई में उनके साथ आए कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से मिठाई खिलाई।

सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाए : भाजपा नेता नरेश सैनी एडवोकेट

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिला मीडिया प्रभारी व मनोनीत नगरपार्षद नरेश सैनी एडवोकेट ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत की आन-बान-शान का प्रतीक बतलाते हुए उन्हे देश का गौरव बताया। लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज से ताल्लुक रखने वाले सरदार वल्लभ पटेल के विचारों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह जल्द ही गांव-गांव का दौरा करेंगे और वल्लभ भाई पटेल की जीवन गाथा से आम जनमानस को अवगत कराते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज देश की जनता और छत्तीस बिरादरी के लोग इसलिए याद करते है कि वह प्रखर राष्ट्रवादी थे। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को सर्वोच्च रखा। जिसका सबसे बड़ा जीता-जागता उदाहरण यह है कि भारत-पाक बंटवारे के दौरान जब छोटी-छोटी रियासतों के राजा अपनी रियासतों को भारत में विलय करने की बजाय अलग से अपना राज्य बनाए रखने पर अड़े तो उस वक्त सरदार वल्लभ भाई पटेल ने लौहपुरूष की भूमिका निभाई और सभी छोटी-बड़ी रियासतों के राजाओं को अपने तरीके से रजामंद कर उनके राज्यों को भारत में विलय कराकर विशाल भारत का निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ दूरदर्शी सोच का प्रमाण दिया।

एनजेल्स प्लेस स्कूल में सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष्य में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में भारत के पहले गृहमंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी व शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर अंजू जांगिड ने बताया कि इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव तथा महिला समाजसेविका श्रीमती सुनीता यादव ने उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल महान राष्ट्रवादी व ऐसे देशभक्त थे, जिन्होंने अपनी दृढ़इच्छा शक्ति से नए स्वाधीन भारत की नींव रखी। ऐसे महान देशभक्तों के त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्वाधीनता के सभी आंदोलनों में अग्रिम पंक्ति के सेनानी बनकर भारत के भाग्य निर्णायक सिद्ध हुए। ऐसे महान देशभक्तों के जीवन मूल्यों व शिक्षाओं को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव तथा महिला समाजसेविका श्रीमती सुनीता यादव ने मौजूद लोगों को शपथ दिलाते हुए यह प्रण लेने का आहवान किया कि वह शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रचनात्मक व सामाजिक कार्यों के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए हम सभी समर्पित भाव से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम देश की एकता की भावना को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर गंभीरता से प्रयास करेंगे।

शिवनगरी में विभिन्न नेताओं ने दी हरियाणा दिवस की बधाई

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर, हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता व श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया, जीएलएस हाउसिंग ग्रुप सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव, लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति भौंड़सी के अध्यक्ष पंडित अनिल कौशिक, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी, गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना रिठौजिया, सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, एनएसआरकस के एमडी सुरजीत अरोड़ा, गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव, सोहना प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया, भाजपा नेता व नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर, नया ग्रामपंचायत सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह आदि प्रमुखजनों समेत क्षेत्र के जागरूक लोगों ने समस्त प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य और सुख-समृद्धि की कामना की है।

सत्ता पक्ष और मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकतंत्र को खतरे में डाला : मनीष खटाना राज्य प्रवक्ता कांग्रेस पार्टी

मनीष खटाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वोट बचाओ-देश बचाओ रैली के लिए कूच किया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता





सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव दमदमा के रहने वाले और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में राज्य प्रवक्ता चौधरी मनीष खटाना ने रविवार को कांग्रेस पार्टी के झंडे तले दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की गई वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में कूच करने से पहले हजारों कार्यकर्ताओं के बीच बोलते हुए कहा कि आज सत्ता पक्ष और मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया है। जिस तरह कांग्रेस ने मां भारती को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी, उसी तरह आज देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए जमीनी स्तर पर लड़ाई लडऩी होगी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में राज्य प्रवक्ता चौधरी मनीष खटाना ने कहा कि कांग्रेस-इंडिया गठबंधन लगातार लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाने की कोशिश कर रहा है और वो लगातार कभी राष्ट्रपति के पास अपील करने जा रहा है, कभी सुप्रीम कोर्ट में जाकर अपील कर रहा है, कभी सडक़ पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से काम कर रहा है...आज रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में लोग आ रहे है। उन्होने भाजपा पर व्यंग्य भरी चुटकी लेते हुए कहा कि आज उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री ने खुद स्वीकार किए हैं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कम हो गया और उन्हें कब याद आया? जब वो एमएलसी का चुनाव हार गए। जो लोग डबल इंजन की बात करते थे, वहीं डबल ज़ीरो हो गए। केवल डबल ज़ीरो नहीं हुए। एक बार हार उन्हें स्वीकार नहीं हुई। इलेक्शन कमीशन से मिलकर दोबारा काउंटिंग कराई। डबल इंजन सरकार की एक ही चुनाव में डबल हार हुई और उसके बाद क्या याद आ रहा है कि एक करोड़ 27 लाख वोट हिंदुओं के नहीं हैं। ये किसने डेटा दे दिया? सरकार आरोप लगा रही है कि लाखों लाभार्थियों के वोट ही नहीं हैं। इसका मतलब यह है कि उन्हें भी रामलीला मैदान में आ जाना चाहिए। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में राज्य प्रवक्ता चौधरी मनीष खटाना ने कहा कि दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आज कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के तत्वाधान में वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली हो रही है। इंडिया गठबंधन, जिसमें कई पार्टियां शामिल हैं और इसे आम जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। जिस तरीके से वोट की चोरी हो रही है, लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, ये लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं, नागरिकों के अधिकारों को छीन रहे हैं, इसके खिलाफ सब लोग एकजुट हुए हैं...हम सब देश को बचाने, अपने लोकतंत्र की रक्षा करने और अपने देश के संविधान को सुरक्षित रखने के लिए एकजुट हुए हैं। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में राज्य प्रवक्ता चौधरी मनीष खटाना ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव देश के युवाओं के हकों की लड़ाई लड़ी है। बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने के लिए कांगे्रस ने अपने कार्यकाल में कई योजनाएं व नीतियां बनाई थी लेकिन भाजपा सरकार ने इन योजनाओं को दरकिनार करते हुए बेरोजगारों की एक बड़ी फौज खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बेरोजगार युवाओं की मजबूरी का लाभ उठाते हुए उन्हें सब्जबाग दिखाए थे कि भाजपा की सरकार बनने के बाद बेरोजगारी की समस्या को समाप्त कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। भाजपा ने युवाओं के साथ-साथ वायदाखिलाफी की है, जिसे युवा कभी भी भुला नहीं पाएंगे और इसका खामियाजा भाजपा को आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठित रहे और कांगे्रस की नीतियों व कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार शहरी क्षेत्र में ही नही अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी जोरशोर से करे ताकि भाजपा का असली चेहरा आम आदमी के सामने आ सके। कार्यकर्ता भाजपा विरोधी नारेबाजी करते दिखाई दिए। बड़ी संख्या में वाहनों में सवार होकर कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए।

सचिन पायलट को मिलकर बुक्के देकर खिलाई मिठाई : शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन आज कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा कांग्रेस पार्टी में पंजाब सूबे के प्रभारी सचिन पायलट से मिले और उन्हे बुक्के साथ बधाई देते हुए धनतेरस, दीवाली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज आदि पर्वों की अग्रिम बधाई दी और अपने हाथों से उन्हे मिठाई खिलाई।

कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट भी इस मौके पर पीछे ना रहे और सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र बोकन की अगुवाई में उनके साथ आए कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से मिठाई खिलाई।

हरियाणा के विकास में चौधरी देवीलाल-चौटाला का अहम योगदान : इनेलो नेता विजय डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी विजय सिंह डागर का कहना है कि हरियाणा के विकास में जननायक चौधरी देवीलाल और दिवंगत मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का बहुत ही अहम योगदान रहा है। रविवार को हरियाणा निर्माण के 60वें वर्ष की क्षेत्र व प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होने गांव रायपुर स्थित युवा इनेलो अध्यक्ष सन्नी डागर के कार्यालय पर मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए बताया कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय चौटाला के निर्देश पर क्षेत्र व जिले में इनेलो पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए जल्द ही दस-दस बूथों पर एक जोन अध्यक्ष नियुक्त किए जाने वाली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की बधाई देते हुए जननायक चौधरी देवीलाल को हरियाणा का निर्माता बताया और कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाकर सरकार में आने पर ज्यो का त्यो लागू करना इनेलो का मूल उददेश्य है। उन्होने यह भी दावा जताया कि सही मायने में आज इनेलो ही सजग व मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रही है। खुशी की बात यह है कि पार्टी आलाकमान ने गुरूग्राम, मेवात, फरीदाबाद और पलवल जिलों में बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के युवा विधायक आदित्य देवीलाल को सौंपी है। इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी विजय सिंह डागर ने बताया कि म्हारी माटी-म्हारी बोली, म्हारा स्वाभिमान, देशी ठाठ और ऊंची उड़ान हर हरियाणवी की पहचान है। उन्होने बताया कि जननायक चौधरी देवीलाल वर्ष-1977-1979 और वर्ष-1987-1989 तक मुख्यमंत्री रहे तो वर्ष-1989 से 1998 तक चौधरी ओमप्रकाश चौटाला मुख्यमंत्री रहे और चौटाला के आशीर्वाद से ही बनारसीदास गुप्ता और मास्टर हुकम सिंह भी मुख्यमंत्री बने। इसके बाद इनेलो सुप्रीमो चौधरी ओमप्रकाश चौटाला फिर से वर्ष-1999 से 2005 तक मुख्यमंत्री रहे और अहम बात यह है कि हरियाणा का 5 बार सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री बनने का श्रेय ओमप्रकाश चौटाला को जाता है तो जननायक चौधरी देवीलाल के नेतृत्व में गठबंधन की जीत के बीच रिकार्ड 48 सीटें जीतने का श्रेय जननायक चौधरी देवीलाल के नाम है।

मोदी-गडक़री की जोड़ी विकास को बढ़ावा दे मचा रही धमाल : विधायक तेजपाल तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के 340.78 करोड़ की लागत से सोहना चौक से केएमपी और डीवीएम एक्सप्रेस-वे को लिंक करने के लिए 2.75 किलोमीटर लंबे 6-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दिए जाने पर सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ मेवात क्षेत्र व नूंह जिले के लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना से गुरुग्राम-नूंह मार्ग पर यातायात सुगम होगा और सोहना में जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और केएमपी एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। उन्होने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास, व्यापार, आवागमन और रोजगार के नए अवसरों को गति प्रदान करेगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रयासों से देश में सडक़ एवं राजमार्गों का तेजी से विस्तार हो रहा है। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान से लौटकर बताया कि रविवार को केन्द्रीयमंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह और केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी कृष्णपाल गुर्जर तथा उद्योगमंत्री राव नरबीर सिंह, खाद्य पूर्तिमंत्री राजेश नागर, खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम, भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर, भाजपा विधायक मुकेश शर्मा और पार्टी संगठन में प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, गुरुग्राम भाजपा जिला प्रभारी संदीप जोशी, भाजपा गुरूग्राम महानगर के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, भाजपा नूंह जिला के अध्यक्ष सुरेन्द्र पिंटू समेत सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष चौधरी जगदीश अंबावता बैरमपुर, भाजपा में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका, भाजपा में सोहना मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, चौधरी सुखराम डाडोलिया, भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष तथा सराय ग्रामपंचायत के पूर्व सरपंच चौधरी समयपाल भड़ाना, सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन, भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना, अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल, सोहना अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, भाजपा नेता मनोज भारद्वाज एडवोकेट, भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन मुकेश सैनी, भाजपा नेता चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया और भाजपा नेता नरेश सैनी, कर्मबीर अंबावता, धीरू नागर व भाजपा में पार्टी के इन दोनों जिलों के प्रमुख नेता भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान, जनविश्वास और जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कांग्रेस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे संवेदनशील विषय को लेकर जनता में भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर तथ्यपरक और जिम्मेदार राजनीतिक संवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सुशासन और जनहित के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित है।

200 करोड़ के निर्माण कार्यों पर बीस नवम्बर तक के लिए लगी रोक : भाजपा नेता नरेन्द्र अधाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सिरसका में रहने वाले व भाजपा में जिलाप्रवक्ता और शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के 20 नवम्बर तक पूरे एनसीआर क्षेत्र में धूल पैदा करने वाले सभी प्रकार के निर्माण और तोडफ़ोड़ कार्यों पर लगाए गए प्रतिबंध के चलते सोहना समेत मिलेनियमसिटी में 200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 100 से ज्यादा निर्माण कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इससे विकास कार्य प्रभावित होंगे। उन्होने बताया कि जारी किए गए आदेशों के दायरे में निजी निर्माण परियोजनाओं के साथ-साथ सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य भी आएंगे और बड़े बिल्डरों के चल रहे तमाम प्रोजेक्ट, व्यावसायिक इमारतों, आवासीय सोसायटियों के निर्माण कार्य बंद रहने के साथ-साथ निर्माण सामग्री की ढुलाई, भारी खुदाई और धूल उड़ाने वाली अन्य गतिविधियों पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। भाजपा में जिलाप्रवक्ता और शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना ने बताया कि इस दौरान रेलवे, मेट्रो, हवाई अडडे, अस्पताल, जलापूर्ति और स्वच्छता से जुड़ी परियोजनाओं पर काम जारी रहेगा। उन्होने बताया कि प्रतिबंधों को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और निकाय विभाग के अधिकारियों पर आधारित 8 टीमें बनाई गई है, जो संयुक्त रूप से पल-पल की निगरानी करेगी। इतना ही नही सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर समेत समूचे एनसीआर क्षेत्र में किसी भी तरह के पटाखों के निर्माण, बिक्री, उपयोग और जलाने पर भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए है और सामान्य पटाखों, लडिय़ों के इस्तेमाल पर पूरे साल प्रतिबंध रहेगा। अहम बात यह है कि प्रदूषण नियमों की अवहेलना करने के आरोप में 18 बिल्डरों की पहचान कर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी

दीवाली के त्यौहार से पहले ही मिटटी के दीयों की मांग बढऩे से कुम्हार हुए खुश

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। इस बार की दीवाली कुम्हारों के लिए खुशी का पैगाम लेकर आई है क्योंकि देश में चीन निर्मित वस्तुओं और चाइनीज दीए व लडिय़ों के बहिष्कार से मिटटी निर्मित दीयों की मांग एकाएक कई गुणा बढ़ गई है। दीए बनाने का काम करने वाले भगत जी छोटेलाल प्रजापत, रोहताश प्रजापत, विक्की प्रजापत, ग्यासीराम प्रजापत, पूरण प्रजापत आदि ने बताया कि बीते साल दीवाली पर खरीददारों का चाइनीज दीयों और लडिय़ों के प्रति लगाव और खरीददारी पर जोर रहा लेकिन इस बार चाइनीज वस्तुओं के बहिष्कार और सरकार द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिए जाने से दीयों की मांग दीवाली से पहले ही एकदम 30 से 35 प्रतिशत बढऩे से वह बहुत खुश है और बीते साल का जमा स्टाक निकालने के बाद अब पूरा-पूरा दिन दीए बनाने में लगे है। पूरा परिवार सुबह से देर रात तक दीए बनाने के बावजूद मिटटी के दीयों की आ रही मांग के अनुरूप पूर्ति नही हो पा रही है। उन्होने बताया कि उनके बनाए दीए सोहना और आसपास क्षेत्र के साथ-साथ गुरूग्राम, दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में भी बिक रहे है। इस बार मिटटी के दीयों की मांग ज्यादा ही बढ़ गई है। इधर स्वदेशी को बढ़ावा देने का प्रचार कर रहे स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े डाक्टर सतीश जुनेजा, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर, पंडित भगवतदयाल शर्मा, अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू और भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि अब लोग नियमित दिनचर्या के साथ-साथ त्यौहारों पर भी स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने पर ज्यादा फोकस कर रहे है। इस बार दीवाली को लेकर देखने में आ रहा है कि जो लोग पहले प्राचीनकाल से चली आ रही मिट्टी के दीए जलाने वाली परम्परा को निभाने के लिए मात्र 5 या 11 दीए खरीदते थे, वह भी इस बार 200 से 300 दीए खरीद कर ले जा रहे है। सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि देश में नरेन्द्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री है, जिन्होने देशवासियों से मिटटी के दीए जलाने का आग्रह किया है। देखने में आ रहा है कि मिटटी निर्मित सादा दीया मंदा है जबकि रंगीन दीए महंगे है। कुम्हारों का कहना है कि यदि दीयों की मांग इसी तरह बढ़ती रही तो उनके लिए सारा आर्डर वक्त पर पूरे करना असंभव और चुनौती बन सकता है। दीए बनाने के कार्य में जुटे कुम्हारों का कहना है कि बीते वर्ष के अनुपात में इस बार दीयों की मांग 20 से तीस गुणा ज्यादा बढ़ी है। दीए बनाने के लिए उन्होने झज्जर से मिटटी मंगवाई है। किराया और मिटटी के भाव इस बार ज्यादा ऊंचाई पर है। इस वजह से थोक में बेचे जाने वाले दीयों में भी महंगाई थोड़ी-बहुत नजर आएगी। इस बार दीवाली हर किसी के घर को रोशन करेगी।

6 लेन ऐलिवेटेड़ कारिडोर 340.78 करोड़ से बनेगा : भाजपा नेता नारायण भड़ाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर नयागांव में रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरनिगम पार्षद नारायण भड़ाना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सोहना में 340.78 करोड़ की लागत से 6 लेन वाला 2.75 किलोमीटर लंबा ऐलिवेटेड़ कारिडोर बनाए जाने वाली योजना को मंजूरी दिए जाने पर खुशी जताई है और भाजपा राज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए गए इस निर्णय को सोहना क्षेत्र की जनता के लिए दीवाली से पहले ही मोदी सरकार का दिया गया यादगारी और चिरस्थाई उपहार बताया है। इस उपहार के लिए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरनिगम पार्षद नारायण भड़ाना ने क्षेत्र की तरफ से केन्द्रीय सडक़ परिवहनमंत्री नितिन गडक़री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार जताते हुए बताया कि इस लेन वाले ऐलिवेटेड़ कारिडोर के बनने पर जहां ग्लोबलसिटी गुरूग्राम से बाया सोहना, नूंह के बीच सिग्नल फ्री सफर और ज्यादा आरामदायक बनेगा, वही वक्त की बर्बादी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ-साथ सोहना के गांव अलीपुर से शुरू किए गए दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे और केएमपी से भी बेहतर कनेक्टिविटी होगी। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरनिगम पार्षद नारायण भड़ाना ने बताया कि केवल सोहना ही नही अगल-बगल में साथ लगते गुरूग्राम व नूंह के सफर को और ज्यादा सुगम बनाने तथा सोहना में यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने में यह परियोजना अहम भूमिका निभाएगी। उन्होने बताया कि सोहना चौक पर एनएच-919 और एनएच-248ए के चौराहे पर 2.75 किलोमीटर लंबा 6 लेन का ऐलिवेटेड़ कारिडोर बनाया जाएगा और इस ऐलिवेटेड कारिडोर के निर्माण पर 340.78 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। खुशी की बात यह है कि इस परियोजना के पूरा होने पर गुरूग्राम से बाया सोहना, मेवात, नूंह की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को सोहना में व्यस्ततम चौराहों पर बार-बार लगने वाले जाम में फंसने और रूकने की परेशानी से राहत मिलेगी। अहम बात यह है कि प्रस्तावित ऐलिवेटेड़ कारिडोर को इस तरह विकसित किया जाएगा कि गुरूग्राम-नूंह के बीच लम्बी दूरी तय करने वाले वाहनों को स्थानीय यातायात को क्रास यातायात से पूरी तरह अलग रखा जा सके ताकि वाहन बिना सिग्नल पर रूके और बिना किसी जाम में फंसे लगातार निकल सके।